रोजाना भक्ति

अंक 2

अप्रैल- मई - जून 2023

# GoodNews DAILY FOR KIDS

HINDI



मुफ्त में।

बेचने के लिए नहीं।

इस भक्ति का भुगतान हमारे भागीदारों द्वारा पहले से चुकाया जा चुका है इसलिए ये मुफ्त में बांटा जा सकता है

जैसा थके मांदे के प्राणों के लिए ठंडा पानी होता है,
वैसा ही दूर देश से आया हुआ शुभ समाचार भी होता है। (नीतिवचन 25:25)

Uebert & BeBe
ANGEL



## □□□□□□□ & □□□□ □□□□□□

दुनिया भर में स्पिरिट एम्बेसी (द गुड न्यूज चर्च) के संस्थापक, प्रोफेट यूर्बट और बीबी एंजेल जी आपके लिए द गुडन्यूज डेली बच्चों की डिवोशनल लाने के लिए बहुत खुश हैं।
हर दिन परमेश्वर के वचन को इतना मजेदार बना देता है! हमने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक पाठ पढ़ने और समझने में आसान हो। बच्चों को प्रोत्साहित किया जाएगा क्योंकि वे हर दिन अपने जीवन में भविष्यवाणी की घोषणाओं को पढ़ेंगे और बोलेंगे। गहरी पढ़ाई के माध्यम से डिवोशनल छोटे बच्चों को खुद के लिए शांत समय निकालने के लिए प्रेरित करता है और नोट्स लिखने वाली जगह जहाँ उनके विचारों को दर्ज किया जा सकता है। ईसाई धर्म की जड़ें उनके कोमल दिलों में गहराई तक चली जाएंगी क्योंकि वे आत्मिक रूप से बढ़ेंगे और अपने शुरुआती वर्षों में परमेश्वर के अनुग्रह की खुशखबरी को समझेंगे।



तब पतरस ने उन से कहा, मन फिराओ, और तुम में से हर एक अपने अपने पापों की मुक्ति के लिये यीशु के नाम से बपतिस्मा ले; तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे। प्रेरितों 2:38 (एनकेजवी)

आज हमारे पास अच्छी खबर है, मेरा मतलब वास्तव में अच्छी खबर! क्या आपने कभी सोचा है कि जब आप मसीह का जीवन पाते हैं तो परमेश्वर पाप के प्रति कैसा व्यवहार करते है? आप हैरान हो सकते है कि ऐसा होने पर परमेश्वर आपको क्षमा नहीं करते! हाँ यह सही है! वह आपको क्षमा नहीं करता!

पापों की मुक्ति का अर्थ है कि परमेश्वर पाप के साथ ऐसा व्यवहार करता है मानो वह आपके जीवन में पहले कभी हुआ ही नहीं। दूसरी शब्दों में, वो आपकी तरफ देखता है और उसे कहीं भी पाप नज़र नहीं आता! मैं आपके बारें में तो नहीं जानता लेकिन यह मेरे लिए चिल्लाने की बात है! यीशु ने पाप को निपटा दिया, इसलिए इसे वही पर छोड़ दें जहाँ से ये है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरे जीवन से पाप को निपटा दिया गया है। मैं अधिकार से चलता हूँ और मैं जीत में होकर चलता हूँ! हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
प्रेरितों 2:36-39



अपनी मृत्यु के बाद, उसने स्वयं को उन्हें दिखाया और अनेक प्रकार से साबित किया कि वह जीवित है। प्रेरितों ने यीशु को 40 दिनों के दौरान देखा जब वह मृत्यु से जी उठा था। उसने उनसे परमेश्वर के राज्य के बारे में बातें की। प्रेरितों 1:3 (आईसीबी)

कई बार लोग ईस्टर के बारे में दुखी होकर बात कर सकते हैं गुड फ्राइडे को ध्यान में रखते हुए कि यह एक भयानक दिन है जब यीशु को सताया गया और मारा गया। इस वचन में सबसे मज़े कि बात है कि वह कहता है, अपनी मृत्यु के बाद, उसने स्वयं को उन (यीशु के चेलो) को दिखाया और कई प्रकार से साबित किया कि वह ज़िंदा है।

बच्चों, ईस्टर कहानी से बढ़कर है। यह उस दिन ख़तम नहीं हुआ जिस दिन यीशु को क्रूस पर चढ़ाया गया था। उसकी मृत्यु के 40 दिनों के बाद, उसने कई प्रकार से साबित किया कि वह ज़िंदा है। वह आज भी ज़िंदा है! महिमा, हाल्लेलुयाह!!!!!! जयजयकार के स्वर से यहोवा की जयजयकार करो!

## भविष्यवाणी घोषणा

यीशु ने साबित किया कि वह जीवित थे और वह आज भी जीवित हैं! हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
प्रेरितों 1:1-3



परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे; और तुम यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में, और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह बन जाओगे। प्रेरितों 1:8 (एनकेजेवी)

जब आप लाइट का बटन को ऑन करते हैं, तो आप चमकने वाली रोशनी को बिजली कह सकते हैं, लेकिन बिजली तारों के ज़रिये से बहने वाली शक्ति है जो लाइट बल्ब के चमकने का कारण बनती है। परमेश्वर ने अपने बच्चों को पवित्र आत्मा की शक्ति दी है!

यदि आप परमेश्वर के बेटे या बेटियाँ हो तो आप परमेश्वर के पवित्र आत्मा की शक्ति को अपने अंदर लेकर चलते हो। आप इस शक्ति को अपने परिवार, दोस्तों और उन लोगों को दिखा सकते हैं जिन्हें आप नहीं जानते हैं क्योंकि आप जहाँ कहीं भी जाते हैं, आप परमेश्वर के गवाह होते हैं! आज ही से अपनी परमेश्वर की दी हुई शक्ति में चलो!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरी नस्सों में पवित्र आत्मा की शक्ति दौड़ती है। मैं चलता फिरता पावर हाउस हूं!

आगे की पढ़ाई के लिए
प्रेरितों 1:4-8



...क्योंकि हम उसके शरीर के अंग हैं। इफिसियों 5:30 (आईसीबी)

बच्चों, क्या आप ईस्टर के बारे में कुछ मज़ेदार जानना चाहते हैं? परमेश्वर की सन्तान के रूप में, आप मसीह के शरीर के अंग बन गए हैं। आप सच्च में मसीह के शरीर के अंग बन गए हैं। अपने शरीर के बारे में सोचे: आपके पास कान, आंखें, बाल और दांत हैं।

मसीह में, आप उसकी आंखें, कान, बाल और दांत हैं। जब आप चलते हैं, तो मसीह चल रहा है!!! जब आप बोलते हैं, तो वह यीशु है जो बोल रहा है। यह लगभग सच होने के लिए बहुत अच्छा है! इस ईस्टर, ज़रा सोचिए कि आप मसीह में कौन हैं। जानिए कि यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान ने आपको यह नई पहचान दी है!

## भविष्यवाणी घोषणा

जब मैं चलता हूं, तो मसीह चल रहा है। जब मैं बात करता हूं, तो यीशु बात कर रहे है! मैं उसके शरीर का, उसके मांस और उसकी हड्डियों का अंग हूं।

आगे की पढ़ाई के लिए
1 कुरिन्थियों 12:27



यदि कोई मसीह का है, तो वह नया बनाया जाता है। पुरानी बातें खत्म हो गईं; सब कुछ नया बना दिया गया है! 2 कुरिन्थियों 5:17 (आईसीबी)

ईस्टर परमेश्वर के बच्चों के लिए एक गर्वशाली समय है क्योंकि यह हमें उस नई पहचान की याद दिलाता है जो मसीह ने हमें दी है। हमारे आज के बाइबल की आयत में, हमें बताया गया है कि यदि कोई मसीह का है, तो वह नया बन जाता है।

आप मसीह की मृत्यु के कारण नहीं हैं। बल्कि, आप उसके पुनरूत्थान - महिमा के फल हैं! आप कोई पुराने नहीं हो क्योंकि आप नये हो जो पहले कभी था ही नहीं। यह चिल्लाने के लिए एक अच्छी बात है! आज से इस मानसिकता की असीलियत में चलो!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं मसीह की मृत्यु का कारण नहीं हूँ। मैं उनके पुनरुत्थान का एक फल हूं। मैं एक नया प्राणी हूँ, और मैं पहले कभी हकीकत में था ही नहीं। हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
गलातियों 2:20



शराब के नशे में मत रहो। यह आपको आत्मिक रूप से बर्बाद कर देगा। परन्तु आत्मा से भरे रहो। इफिसियों 5:18 (आईसीबी)

जब आप कचरे को रिसाइकिल करने के लिए कूड़ेदान में डालते हैं, तो आप जानते हैं कि इसका इस्तेमाल इसलिए किया जाएगा ताकि इकट्ठा होने के बाद कच्चे माल का फिर से इस्तेमाल किया जा सके। आपने यह वाक्य अवश्य सुना होगा, उसने अपना जीवन मसीह को दे दिया। हालांकि यह ईमानदार लगता है, लेकिन यह ईमानदारी तौर पे गलत है!

जब आप नया जन्म लेते हैं, तो आप बिल्कुल नई प्रजाति बन जाते हैं जो पहले कभी हकीकत में नहीं था। मसीह आपके पुराने जीवन को रिसाइकिल नहीं करता है, परन्तु वह इसे अपने जीवन से बदल देता है! आप अपने अंदर परमेश्वर के साथ एक बरतन हैं। इसलिए आपको पवित्र आत्मा से भर जाना चाहिए ताकि परमेश्वर आपको पूरी तरह से प्रभावित कर सके! आज आत्मा से भरे रहें!

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर ने मेरे जीवन को अपने जीवन से बदल दिया है। मैं उनका शरीर का अंग हूं और जहां भी मैं जाता हूं, मैं चलता फिरता मसीह हूं। मैं अपने आप को पूरी तरह से उसके हवाले कर देता हूँ, हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
2 कुरिन्थियों 5:17



आपको पाप से मुक्त किया गया था, और अब आप भलाई के दास हैं। रोमियों 6:18 (आईसीबी)

एक दुकान पर जाने और अपने समान को काउंटर पर ले जाने की कल्पना करें। काउंटर का व्यक्ति कहता है, इन समानों का पहले ही से भुगतान किया जा चुका है। आप जा सकते हैं। आप क्या कहेंगे? क्या आप फिर से समानों के लिए भुगतान करने का प्रयास करेंगे, भले ही इसके लिए पहले ही भुगतान किया जा चुका हो?

यीशु मसीह ने हमेशा के लिए पाप के स्वभाव को निपटा दिया है। उसने पहले ही कीमत चुका दी है; आपको फिर से पाप का भुगतान करने या उससे निपटने की ज़रूरत नहीं है। आप वास्तव में पाप से मुक्त हो गए हैं और धार्मिकता के दास बन गए हैं क्योंकि व्यवस्था अब आप पर शासन नहीं करती है, लेकिन अब आप अनुग्रह के अधीन हैं। हाल्लेलुयाह!

## भविष्यवाणी घोषणा

पाप को निपटा दिया गया है। अब मुझ पर पाप की प्रभुता नहीं रही, क्योंकि मैं व्यवस्था के आधीन नहीं रहा। मैं अनुग्रह के अधीन हूँ!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 6:18, रोमियों 6:10-14



क्या कोई चीज़ हमें उस प्रेम से अलग कर सकती है जो मसीह हमारे लिए रखता है? क्या मुसीबतें या समस्याएं या कष्ट? अगर हमारे पास खाना या कपड़ा नहीं है, अगर हम खतरे में हैं, या यहां तक कि अगर मौत आती है - तो क्या इनमें से कोई भी चीज हमें मसीह के प्यार से अलग कर सकती है? रोमियों 8:35 (आईसीबी)

स्कूल में छुटी के समय कुछ बच्चे खेल रहे थे। उन्होंने एक खेल खेला जिसमें बीच के व्यक्ति को उस घेरे को तोड़ने की कोशिश करनी थी जहाँ बच्चों की बाँहें आपस में जुड़ी हुई थीं। कई प्रयासों के बाद, घेरा टूट गया, और अब किसी दूसरे की बारी थी।

मसीह का प्रेम ऐसा नहीं है। आपके लिए उसका प्यार किसी के द्वारा या किसी भी चीज़ से तोड़ा या अलग नहीं किया जा सकता है, जैसा कि आज की हमारी कविता हमें बताती है। समस्या या परेशानी कोई भी हो, यह जान लों: कुछ भी हो आपको मसीह के प्रेम से अलग नहीं कर सकता!

## भविष्यवाणी घोषणा

कुछ भी हो मुझे कभी भी उस प्रेम से अलग नहीं कर सकता जो मसीह के पास मेरे लिए है! इस ज्ञान में, मैं सुरक्षित हूँ!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 8:35-37



हां, मुझे यकीन है कि कुछ भी हमें परमेश्वर के प्रेम से अलग नहीं कर सकता है। मृत्यु नहीं, जीवन नहीं, स्वर्गदूत नहीं, प्रधान आत्माएं नहीं, अब कुछ भी नहीं, भविष्य में कुछ भी नहीं, कोई भी शक्ति नहीं, हमारे ऊपर नहीं, हमारे नीचे नहीं, या पूरी दुनिया में कुछ भी हमें परमेश्वर के प्यार से अलग करने में सक्षम नहीं होगा, जो हमारे प्रभु मसीह यीशु में है। रोमियों 8:38 (आईसीबी)

क्या तुम एक लड़की हो, या तुम एक लड़के हो? क्या आपको कोई इस इंतेफाक से मना सकता है? आप इस सत्य को ऐडो (जागरूक और जानकारी होना) कर चुके है; बस आप जानते हो कि आप इसे जानते हैं! क्या आप जानते हैं, क्या आपको तस्सली हैं, पूरी तरह से सहमत हैं, कि कुछ भी आपको उस प्रेम से अलग नहीं कर सकता जो परमेश्वर आपके लिए रखता है?

यीशु मरे हुओं में से जी उठा, उसने अधोलोक और कब्र को हराया। कोई भी बनाई गई वस्तु आपको कभी भी उस प्रेम से अलग नहीं कर सकती जो मसीह आपके लिए रखता है। □हगाह□ (किसी चीज़ पर सोचते रहना) यह सत्य जब तक यह आपके जीवन का हिस्सा नहीं बन जाता!

## भविष्यवाणी घोषणा

धन्यवाद, पवित्र आत्मा, मेरे लिए पिता के प्रेम को प्रकट करने के लिए। मैं उस प्रेम को ऐडो (जानता हूँ) करता हूँ जो मसीह मेरे लिए रखता है, हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 3:19



एक व्यक्ति ने पाप किया, और इस प्रकार मृत्यु ने उस एक व्यक्ति के कारण सभी लोगों पर शासन किया। परन्तु अब कुछ लोग परमेश्वर के पूर्ण अनुग्रह और उसके साथ ठीक होने के महान तोहफ़े को स्वीकार करते हैं। उनके पास निश्चित रूप से सच्चा जीवन होगा और वे एक व्यक्ति, यीशु मसीह के द्वारा शासन करेंगे। रोमियों 5:17 (आईसीबी)

मेरी पत्नी, प्रोफेटेस बीबी एंजल ने ग्रेस-ड्रिवेन लाइफ पुस्तक में एक पूरा क्लासिक और कला कृति लिखी है। इसमें, वह कहता है कि परमेश्वर का अनुग्रह आपके जीवन में परमेश्वर की क्षमता का उमड़ना है। अनुग्रह का सब कुछ परमेश्वर से लेना-देना है और आपसे कोई लेना-देना नहीं है।

अनुग्रह आपके जीवन में काम करने वाली परमेश्वर की असीम क्षमता है। नहीं कर सकता अब ऐसे शब्द नहीं रहे है, जो आपकी भाषा में भी नहीं होना चाहिए। आज से, अपनी आँखों को स्वयं से हटा लें और परमेश्वर के अनुग्रह पर ध्यान दें जो आप में काम कर रहा है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं नियमों के एक अलग सेट द्वारा काम करता हूं। परमेश्वर का असीम अनुग्रह मुझ पर काम कर रहा है और मैं स्वर्ग पृथ्वी पर का अनुभव कर रहा हूँ! हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 1:7



एक व्यक्ति ने पाप किया, और इस प्रकार मृत्यु ने उस एक व्यक्ति के कारण सभी लोगों पर शासन किया। परन्तु अब कुछ लोग परमेश्वर की उमड़ते हुए अनुग्रह को स्वीकार करते हैं। रोमियों 5:17क (आईसीबी)

यदि आपको कोई तोहफ़ा दिया जाता है, तो तोहफ़े को अपने हाथों में लेने के लिए आपको क्या करना होगा? यह बिल्कुल सही है; तुम्हें इसे जल्दी समझना चाहिए। परमेश्वर आपको जो कुछ भी देता है वह अनुग्रह के माध्यम से आता है, लेकिन आपको इसे जल्दी समझना चाहिए।

क्या आप जानते हैं कि आप ही यह तय करते हैं कि आप कितना अनुग्रह लेते हैं? परमेश्वर ने आप बच्चों के लिए बहुत मात्रा में अनुग्रह उपलब्ध कराया है, लेकिन आप वह हैं जो यह तय करते हैं कि आपको कितना अनुग्रह चाहिए। जैसे-जैसे हम कल इस विषय पर गहराई से विचार करेंगे, हम जो सीख रहे हैं उस पर मनन करें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरे पास बहुत मात्रा में अनुग्रह तक पहुँच है! हर चीज़ और किसी भी चीज़ के लिए अनुग्रह है! मैं तैयार हूँ!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 5:17



...और उसके साथ सही किए जाने का महान तोहफ़ा। उनके पास निश्चित रूप से सच्चा जीवन होगा और वे एक व्यक्ति, यीशु मसीह के द्वारा शासन करेंगे। रोमियों 5:17बी (आईसीबी)

क्या आपने उस आदमी की कहानी सुनी है जो गरीबी में तब तक रहा जब तक उसे पता नहीं चला कि उसके पिता कौन थे? उड़ाऊ बेटा सूअरों के बीच तब तक रहा जब तक कि वह अपने होश में नहीं आया और अपने पिता के पास लौटने का फैसला न किया।

आप राजघराने से हैं, और आप एक राजा हैं! लेकिन अगर आप इस जीवन में एक राजा के रूप में जीना चाहते हैं और स्वर्ग पृथ्वी पर का अनुभव करना चाहते हैं, तो आपको पूरी तरह से धार्मिकता के तोहफ़े और अनुग्रह की बहुतायत को प्राप्त करना होगा। धार्मिकता का तोहफ़ा परमेश्वर के साथ सही बनाए जाने का तोहफ़ा है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं धार्मिकता का तोहफ़ा लेता हूँ और मैं इस जीवन में एक राजा के रूप में शासन कर रहा हूँ!

आगे की पढ़ाई के लिए
लूका 15:11-32



और उसके साथ सही किए जाने का एक महान तोहफ़ा। उनके पास निश्चित रूप से सच्चा जीवन होगा और वे एक व्यक्ति, यीशु मसीह के द्वारा शासन करेंगे। रोमियों 5:17बी (आईसीबी)

हम यूगेलियन (सुसमाचार) के राजदूत हैं, और आज हमारे पास और भी अच्छी ख़बरें हैं! इसे कल्पना करें: आपको अपने देश के राष्ट्रपति या राजा के महल के चारों ओर घूमने के लिए एक टिकट दिया गया है और आपकी पहुँच की कोई सीमा नहीं है। उसका खाना तुम्हारा खाना है, उसके कमरे तुम्हारे कमरे हैं, इत्यादि।

परमेश्वर ने आपको अपनी धार्मिकता दी है - स्वभाव और सही होने की क्षमता। यह धार्मिकता (एक तोहफ़ा है) आपके लिए एक और लाभ उत्पन्न करती है - अपराध या निंदा की भावना के बिना परमेश्वर की उपस्थिति में खड़े होने की क्षमता है। जितने धर्मी आप अभी है उसे अधिक धर्मी होना आपके लिए असंभव है, चाहे आप कुछ भी करें या न करें, महिमा हो!

## भविष्यवाणी घोषणा

मुझे धर्मी बनाया गया है और मैं अपने कर्मों से अलग ही, मसीह यीशु में परमेश्वर की धार्मिकता हूँ। वाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
यशायाह 46:10

GoodNews DAILY

# BOOKS OF THE BIBLE

## OLD TESTAMENT

### LAW

GENESIS
EXODUS
LEVITICUS
NUMBERS
DEUTERONOMY

### HISTORY

JOSHUA
JUDGES
RUTH
1 SAMUEL
2 SAMUEL
1 KINGS
2 KINGS
1 CHRONICLES
2 CHRONICLES
EZRA
NEHEMIAH
ESTHER

### POETRY

JOB
PSALMS
PROVERBS
ECCLESIASTES
SONG OF SOLOMON

### PROPHETS

ISAIAH
JEREMIAH
LAMENTATIONS
EZEKIEL
DANIEL

HOSEA
JOEL
AMOS
OBADIAH
JONAH
MICAH
NAHUM
HABAKKUK
ZEPHANIAH
HAGGAI
ZECHARIAH
MALACHI

## NEW TESTAMENT

### GOSPELS

MATTHEW
MARK
LUKE
JOHN

### HISTORY

ACTS

### LETTERS OF PAUL

ROMANS
1 CORINTHIANS
2 CORINTHIANS
GALATIANS
EPHESIANS
PHILIPPIANS
COLOSSIANS
1 THESSALONIANS
2 THESSALONIANS
1 TIMOTHY
2 TIMOTHY
TITUS
PHILEMON

### LETTERS

HEBREWS
JAMES
1 PETER
2 PETER
1 JOHN
2 JOHN
3 JOHN
JUDE


### PROPHECY

REVELATION

GoodNews DAILY

# CREATION

## Genesis



DAY 1
God created light & dark



DAY 2
God created the sky



DAY 3
God created land, trees & plants



DAY 4
God created the sun, moon & stars



DAY 5
God created birds & sea creatures



DAY 6
God created animals & people



DAY 7
God rested



हमारे प्रभु यीशु मसीह के परमेश्वर और पिता का धन्यवाद हो। मसीह में, परमेश्वर ने हमें स्वर्ग में हर आत्मिक आशीष दी है। इफिसियों 1:3 (आईसीबी)

जब आप स्कूल में होते हैं, और आपके पास लिखने के लिए एक पेंसिल होती है, तो क्या आपको लिखने के लिए दूसरी पेंसिल की ज़रूरत होगी? बिल्कुल नहीं! अगर कोई आपको लिखने के लिए एक और पेंसिल देने की कोशिश करता है, तो आप शायद कहेंगे, मेरे पास पहले से ही एक है, धन्यवाद।

बच्चों, यह परमेश्वर की आशीषों के साथ भी कुछ अलग नहीं है। परमेश्वर ने आपको पहले ही सभी आत्मिक आशीषों से आशीषित कर दिया है। परमेश्वर ने आपको पहले से ही आशीषित किया है उससे अधिक आपको आशीषित करने के लिए आप परमेश्वर को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। चिल्लाने के लिए यह एक महान बात है, हाल्लेलुयाह!

## भविष्यवाणी घोषणा

यह सौदा हो गया है! मैं पहले से ही आशीषित हूँ, परमेश्वर की महिमा हो! मैं स्वर्ग पृथ्वी पर के इस वर्ष में परमेश्वर की आशीषों का अनुभव करूँगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 1:3-5



और संसार के बनने से पहले, परमेश्वर ने यीशु मसीह के द्वारा हमें अपनी सन्तान बनाने का फैसला किया। वह यही चाहता था और जो उसे प्रसन्न करता था। इफिसियों 1:5 (आईसीबी)

उस दोपहर तीमुथियुस फुटबॉल के खेल को लेकर बहुत खुश था। वह स्कूल के बाद हर दिन अभ्यास कर रहा था, और अब बड़ा खेल यहां हो रहा था। वह अपने दोस्तों के साथ खड़ा था, दोस्ताना मैच खेलने के लिए तैयार था, यह जानते हुए कि यह तय करेगा कि फुटबॉल के खेल में कौन किसका है। तीमुथियुस के साथ खिलाड़ी कम हो गए क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति को एक टीम में शामिल होने के लिए चुना गया था।

तीमुथियुस को अकेला छोड़ दिया गया था क्योंकि उसे चुना नहीं गया था। बच्चों, यह जानना मज़ेदार बात है कि आप पहले से ही परमेश्वर द्वारा स्वीकार किए जा चुके हैं। आज के आयत में, हमें बताया गया है कि परमेश्वर ने आपको अपनी सन्तान बनाने का फैसला किया और यही वह चाहता था और जिससे वह प्रसन्न हुआ। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई आपको स्वीकार नहीं करता है, जानिए (एंडो करे) कि आप पहले से ही परमेश्वर द्वारा स्वीकार किए जा चुके हैं!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं प्रियतम में स्वीकार किया गया है। धन्यवाद पिता, मुझे प्यार करने के लिए!!!

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 1:5-6



GoodNews DAILY



मेरा मतलब है कि आप अनुग्रह से बचाए गए हैं क्योंकि आप विश्वास करते हो। तुमने अपने आप को नहीं बचाया। यह परमेश्वर की ओर से एक तोहफ़ा था। इफिसियों 2:8 (आईसीबी)

जब आप एक तोहफ़ा प्राप्त करते हैं, तो आप जानते हैं कि आपको इसके लिए मेहनत नहीं करनी पड़ी और इसे तोहफ़े के रूप में प्राप्त किया है। बचाया जाना ऐसा ही है; आप अनुग्रह से बचाए गए हैं क्योंकि आप विश्वास करते हैं कि यीशु मसीह ही प्रभु है। आपका उद्धार, दूसरे शब्दों में, परमेश्वर की ओर से एक तोहफ़ा है।

धार्मिकता ऐसी ही होती है! धार्मिकता एक तोहफ़ा है, पुरस्कार नहीं। आपको उस धार्मिकता को भी स्वीकार करना चाहिए (परमेश्वर के साथ सही खड़ा होना) जिसके बारे में हम आज बात कर रहे हैं, यह आपको परमेश्वर की संतान के रूप में दी गई है। इसे कमाया नहीं जा सकता, इसे केवल प्राप्त किया जा सकता है। जैसा आप अपने दिन के बारे में आगे बढ़ते हैं इस दिलचस्प सत्य पर हगाह करें!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर की धार्मिकता हूं और मैं जहां कहीं भी जाता हूं उसकी भलाई को दूसरों से बांटता हूं!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 6:23



परन्तु आत्मा प्रेम, आनन्द, शान्ति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम देता है। ऐसा कोई कानून नहीं है जो कहता हो कि ये चीजें गलत हैं। गलातियों 5:22-23 (आईसीबी)

खाने के लिए आपका पसंदीदा फल कौन सा है? अमरूद, आलूबुखारा, शायद लीची? मेरी पत्नी प्रोफटेस बीबी एंजल की पुस्तक, □इंजोए लाइफ नाओं□ में वह एक संतरे का उदाहरण का इस्तेमाल करके आत्मा के फल की व्याख्या करती है। इसमें, वह गलातियों 5:22 के एनकेजेवी से प्रकाश डालती है कि □आत्मा का फल एक है, नहीं हैं□। दूसरे शब्दों में, आत्मा का फल केवल प्रेम है।

इसके बाद आने वाले □फल□ का प्रत्येक भाग, जैसे आनंद, शांति, धैर्य, दया, अच्छाई, आदि, एक संतरे का हिस्सा है। इसका मतलब यह है कि प्रेम में ये सभी हिस्से होते हैं, ठीक वैसे ही जैसे संतरे में हिस्से होते हैं। हालाँकि, प्रत्येक हिस्सा अपने आप में एक फल नहीं है। अपने आप से पूछें, क्या मेरे जीवन में प्रेम देखा जा सकता है?

## भविष्यवाणी घोषणा

प्रेम आत्मा का फल है, और मैं आज आत्मा में चल रहा हूँ!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 यहुन्ना 4:12-13



प्रेम धैर्यवान और दयालु है। प्रेम ईर्ष्या नहीं करता, यह अपनी बड़ाई नहीं मारता, और यह अभिमान नहीं करता। कुरिन्थियों 13:4 (आईसीबी)

जब आप प्यार शब्द सुनते हैं, तो आप इसके बारे में क्या सोचते हैं? प्रेम के विभिन्न प्रकार हैं, लेकिन अगापे प्रेम परमेश्वर से आता है, और परमेश्वर स्वयं प्रेम है। मसीह हमारे लिए मरा, जो लोगों के रूप में हमारे लिए परमेश्वर के प्रेम को प्रगट करने वाला अंतिम व्यक्ति है।

बच्चों: इसे सुनें, अगापे प्रेम इस बात से स्वतंत्र है कि क्या हो रहा है। यह प्रगट करने के लिए अच्छी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं होता। दूसरे शब्दों में, इसे प्रभावित नहीं किया जा सकता; यह कितना शक्तिशाली है? इसलिए अपने दुश्मनों से प्यार करना आपके लिए संभव है: अगापे प्यार अपने आप काम करता है, हाल्लेलुयाह!

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर ने मुझे अपना प्रेम दिया है और मैं आज प्रेम में चल रहा हूं!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 5:5



परन्तु मैं फिर भी यहोवा में आनन्दित रहूंगा। मैं अपने उद्धारकर्ता परमेश्वर में आनन्दित रहूंगा।
हबक्कूक 3:18 (आईसीबी)

आनंद और खुशी में क्या अंतर है? आपका क्या विचार हैं? खुशी सरल शब्द है, जो हो रहा है उस पर आधारित है। यही कारण है कि किसी व्यक्ति की खुशी आज पर और कल दूर हो सकती है क्योंकि यह इस बात पर आधारित है कि उसके आसपास क्या हो रहा है।

आनन्द (ग्रीक में चरा शब्द है), हालांकि, खुशी की तुलना में कहीं अधिक गहराई तक जाती है क्योंकि सच्चा आनंद केवल यहोवा से आता है। यह आपके हृदय में परमेश्वर का प्रेम है जिसमें आनंद की परिपूर्णता होती है! बच्चों,क्या तुम इसे देख रहे हो? यहोवा का आनन्द तुम्हारा बल है। आनन्द मसीह को देखता है न कि स्थिति को!

## भविष्यवाणी घोषणा

आनंद एक विकल्प है, यह कोई भावना नहीं है। मैं आज आनंद करना चुनता हूं!

आगे की पढ़ाई के लिए
नहेमायाह 8:10, प्रेरितों 16:25



डरो मत! मैं तुम्हें शांति दिए जाता हूं। मेरी शांति मैं तुम्हें देता हूं। जैसा संसार देता है, वैसा मैं तुम्हें नहीं देता। इसलिए, अपने दिलों को परेशान न होने दें। यहुन्ना 14:27 (आईसीबी)

अगर आपके राष्ट्र के राष्ट्रपति ने कहा, मैं आपको धन छोड़ देता हूं। मेरा धन मैं आपको देता हूं। आप निश्चिंत हो सकते हैं कि यह धन कोई छोटी राशि नहीं होगी और शायद आप और आपका परिवार जश्न मनाना भी शुरू कर देंगे।

यीशु का यह कहना कि वे आपके लिए शांति छोड़ रहे हैं, अपनी ही शांति वे आपको दे रहे हैं, इसका मतलब है कि इस शांति में कुछ खास है। परमेश्वर की शांति विस्फोटक है, यह अलौकिक है, और इसके पीछे एक शक्ति है। परमेश्वर की शांति आप में है, और यह आपकी दुनिया को बदल सकती है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं शांति में रहता हूं और मैं शांति में चलता हूं। शांति मेरे दिल की रखवाली कर रही है!

आगे की पढ़ाई के लिए
यशायाह 26:3-4, फिलिप्पियों 4:6-7



परन्तु आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, मेल, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम है। ऐसे के खिलाफ कोई कानून नहीं है। गलातियों 5:22 (एनकेजेवी)

धीरज शब्द में दो अलग-अलग शब्द हैं। वे क्या हैं? यह है: लंबा समय और पीड़ा, आपके लिए दो बातें! हालाँकि, क्या आप मुझ पर विश्वास करेंगे यदि मैंने कहा कि सहनशीलता शब्द का लंबे समय तक पीड़ा सहने से कोई लेना-देना नहीं है?

प्यार के फल की लंबे समय की सहनशीलता यह कहने की क्षमता है कि चाहे मेरे साथ कुछ भी हो जाए, मैं आगे बढ़ने के लिए अपने अंदर जल रही आग को कभी बुझने नहीं दूंगा। यह ग्रीक शब्द मैकरोथमिया से आया है, जो धीरज की तरह, कोमल, शांत और सभी परिस्थितियों में स्थिर रहना है। जब चीजें आपके अनुसार नहीं होती हैं तो आप कैसे काम करते हैं? याद रखें कि आपकी आत्मा में सहनशीलता है, और यह प्रेम में चलने से सक्रिय होती है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं एक जलनेवाला व्यक्ति हूँ! चाहे कुछ भी हो, मैं आगे बढ़ने के लिए अपने अंदर जल रही आग को कभी बुझने नहीं दूंगा!

आगे की पढ़ाई के लिए
याकूब 1:4, यशायाह 59:19



यहोवा ने तुम्हें बताया है कि क्या अच्छा है। उसने आपको बताया है कि वह आपसे क्या चाहता है: वही करें जो दूसरे लोगों के लिए सही है। दूसरों के प्रति दयालु होना पसंद करें। और अपने परमेश्वर पर भरोसा रखते हुए नम्रता से जिओ। मीका 6:8 (आईसीबी)

यदि आपके कोई भाई-बहन है, तो आपने अपने माता-पिता को कुछ इस तरह कहते सुना होगा, अपने भाई या बहन के प्रति दयालु रहें, खासकर जब आप उनके साथ नहीं हो रहे होंगे! दया और समझ दिखाना कुछ ऐसे तरीके हैं जिनसे आप सोच सकते हैं कि दया क्या है। हालाँकि, इसमें और भी बहुत कुछ है!

जब यीशु करूणा (दयालुपन) से हिल जाता था, तो महान चंगाई होती थी (उदाहरण के लिए मरकुस 1:41 में) । दयालुपन शक्ति निकालने का बटन है। अपने और दूसरों के प्रति दयालु होने से आप एक शक्तिशाली व्यक्ति बनते हैं। पवित्र आत्मा आपके माध्यम से परमेश्वर की शक्ति को दूसरों तक पहुँचाने के लिए दया का इस्तेमाल करते है! चिलाओं हाल्लेलुयाह!!!! दयालुपन का अभ्यास करें और अपने जीवन में परमेश्वर की प्रकट होने वाली शक्ति को देखें!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं आसानी से विचलित नहीं होता क्योंकि मैं जहाँ भी जाता हूँ मैं दया में चलना चुनता हूँ!

आगे की पढ़ाई के लिए
नीतिवचन 21:21



परन्तु आत्मा प्रेम, आनन्द, शान्ति, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास, नम्रता, और संयम देता है। ऐसा कोई कानून नहीं है जो कहता हो कि ये चीजें गलत हैं। गलातियों 5:22-23 (आईसीबी)

आज रविवार है, और आप में से कई लोग चर्च के संडे स्कूल में हैं। पूरे सप्ताह हम आत्मा के फल और उसके अंशों के बारे में बात करते आए हैं। आज मैं चाहता हूं कि आप वो सारा फिर से पढ़े जो हम सिखते आए है और घर से काम के लिए अच्छाई, विश्वासयोग्यता, सज्जनता और संयम के बारे में पढ़ाई करेंगे।

आत्मा के फल के इन बचे हिस्सों के बारे में अपने माता-पिता या अपने संडे स्कूल के टीचर जी से पूछे। आप मेरी पुस्तक, अभी जीवन का आनंद लें का इस्तेमाल कर सकते हैं, जहाँ मैंने इस सप्ताह के लिए भक्ति ली है। हम खुशखबरी से कभी बाहर नहीं होते, हम बस समय से बाहर होते हैं! आपको प्रतिदिन जीत की राह पर चलने के लिए तैयार किया गया है! अभी शुरू करें!

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर की सन्तान के रूप में, मैं किसी भी परिस्थिति से प्रभावित नहीं होना चुनता हूँ। परमेश्वर की महिमा हो!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 4:4



आज मैं स्वर्ग और पृथ्वी को गवाह बनने के लिए कहता हूं। मैं तुम्हें जीवन या मृत्यु, आशीर्वाद या श्राप दे रहा हूं। अब, जीवन चुनो! तब तुम और तुम्हारे बच्चे जीवित रह सकते हैं। व्यवस्थाविवरण 30:19 (आईसीबी)

जब आप आज सुबह उठे, तो आपने अपने सोच के आधार पर कई निर्णय और चुनाव किया था। जब आप कुछ बोलते या करते हैं, तो यह हमेशा एक सोच का परिणाम होता है जिस पर आपने काम किया है।

आज के वचन में, यहोवा ने हमें जीवन या मृत्यु के लिए चुनाव दिए हैं। वह हमें जीवन चुनने का आग्रह करता है। बच्चों, जैसा कि हम इस बात की गहराई से पड़ताल करते हैं कि आपके दिमाग में क्या है? इस सप्ताह, इसे जानें: आपके सोच चुनावों की ओर ले जाते हैं। सही सोच रखने से सही चुनाव होंगे, जो बदले में जीवन की ओर ले जायेंगे। आइए जानें कि सही सोच कैसे रखें!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरा दिमाग परमेश्वर की तरह काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मैं सही सोचता हूं और मैं सही चुनाव करता हूं, प्रभु यीशु मसीह के नाम से!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 कुरिंथियों 2:16



परमेश्वर ने हमें ऐसी आत्मा नहीं दी है जिससे हम भयभीत हों। उसने हमें शक्ति और प्रेम और आत्म-संयम (एक दिमाग की आवाज़) की आत्मा दी है। 2 तीमुथियुस 1:7 (आईसीबी)

एवलुशन दावा करता है कि मनुष्य बंदर से आया था और विकसित होकर मनुष्य बन गया, लेकिन बाइबल कुछ अलग कहती है। परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप और समानता में बनाया (उत्पत्ति 1:26) । उसी तरह, परमेश्वर ने आपके दिमाग को एक खास तरीके से काम करने के लिए तार की तरह बनाया है।

भय-आधारित और नकारात्मक सोच के पैटर्न कभी भी आपके दिमाग को खिलाने के लिए नहीं थे। यह परमेश्वर का वचन है जो आपके दिमाग को परमेश्वर की मंशा के अनुसार काम करने का कारण बनाता है। बाइबल में लिखित परमेश्वर का वचन आपके दिमाग को सही तरीके से सोचने के लिए उचित भोजन देता है।अपने दिमाग को संपूर्ण आहार खिलाएं; आज से शुरू करें!

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर का वचन मेरे दिमाग के लिए उत्तम आहार है। डर के लिए कोई जगह नहीं है!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 4:8



यदि कोई मसीह का है, तो वह नया बनाया जाता है। पुरानी बातें चली गईं; सब कुछ नया बना दिया गया है! 2 कुरिन्थियों 5:17 (आईसीबी)

चींटियों की दुनिया में, चींटियाँ कुछ निश्चित नियमों का पालन करती हैं ताकि वे काम कर सकें और अपना जीवन जी सकें। इस दुनिया में, ऐसे सिस्टम (नियम) हैं जिनका पालन बहुत से लोग नतीजों के बारे में सोचे बिना भी करते हैं। परमेश्वर चाहता है कि आप एक अद्भुत और अलौकिक जीवन जिएं, लेकिन ऐसा करने का एक ही तरीका है कि आप अपने दिमाग को सही जानकारी दें।

कंप्यूटर की तरह, आप जो डालते हैं वही बाहर आता है। आपका दिमाग कुछ अलग नहीं है। आपके अंदर का वचन बाहर की परिस्थितियों को बदल देता है। आज ही अपने दिमाग को फिर से प्रोग्राम करें!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरा दिमाग एक कंप्यूटर की तरह है, और मैं इसे परमेश्वर के वचन की सही जानकारी देना चुनता हूँ।

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 12:1-2



किसी चीज़ की चिंता मत करो। लेकिन प्रार्थना करो और परमेश्वर से अपनी ज़रूरत की हर चीज मांगो। और जब तुम प्रार्थना करो, तो हमेशा धन्यवाद दो। फिलिप्पियों 4:6 (आईसीबी)

एला ने अपना हाथ यहोशू की ओर बढ़ाया। यदि आप मिठाई के साथ हाथ चुनते हैं, तो वे आपकी हैं, वह मुस्कुराई। यहोशू ने उसके दाहिने हाथ को थपथपाया। उसने उसे खोला और अपनी खाली हथेली दिखाई। एला मुस्कुराई, यह जानकर कि उसे सारी चॉकलेट खाने को मिलेंगी!

यह आपकी पसंद है जिससे फर्क पड़ता है। जब आपके दिमाग में कोई नकारात्मक विचार आए, तो स्थिति से जुड़ा कोई वचन लें और उसे अपना बना लें: मैं परीक्षा की चिंता नहीं करूंगा। पिता, पास करने वाली जानकारी मुझे याद दिलाने में मदद करने के लिए धन्यवाद। मेरे दिल और दिमाग में अपनी शांति देने के लिए धन्यवाद, प्रभु यीशु मसीह के नाम से। खुशी मनाओं! वचन काम करता है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं केवल वही सोचूंगा जो वचन मुझे सोचने के लिए कहता है!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 4:8



इस दुनिया के आकार का मत बनो। इसके बजाय, सोचने के एक नए तरीके से अंदर से बदल जाए। तब आप निर्णय कर सकेंगे कि परमेश्वर आपके लिए क्या चाहता है। और तुम यह जान सकोगे कि क्या अच्छा है और परमेश्वर को क्या भाता है और क्या सिद्ध है। रोमियों 12:2 (आईसीबी)

आज के शीर्षक को आपने कैसे बोलने की कोशिश की? मेटामोर्फो कायापलट या रूप बदलने का ग्रीक शब्द है। जब एक कैटरपिलर एक तितली में बदल जाती है, तो इसका वही अर्थ होता है जो आज हमारी कविता में कायापलट या रूप बदलने का है।

जब आप परमेश्वर के वचन को पढ़ते हैं, तो आप वास्तव में अपने सोचने के तरीके को बदल रहे हैं, परमेश्वर के विचारों के साथ आपका दिमाग बदल रहा है। यह बहुत शक्तिशाली है। आप अपने दिमाग को परमेश्वर की मंशा के अनुसार काम करने के लिए पुनः शिक्षित कर रहे हैं! वाह! जैसे आप अपने दिमाग को परमेश्वर के वचन से नया करते हैं वैसे ही आपका रूप बदलता जाएगा!

## भविष्यवाणी घोषणा

*मैं महिमा से महिमा में बदलता जा रहा हूँ जैसे मैं अपने दिमाग को परमेश्वर के वचन से नया करता हूँ।*

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 4:23

## पकड़ लिया!



...और हम हर उस घमण्डी वस्तु को जो परमेश्वर की पहिचान के विरोध में उठती है नाश करते हैं। हम हर विचार को पकड़ लेते हैं और उसे छोड़ देते हैं और मसीह की आज्ञा मानते हैं। 2 कुरिन्थियों 10:5 (आईसीबी)

लगभग हर फिल्म में आमतौर पर एक अच्छा और एक बुरा होता है। कई फिल्मों का अंत बुरे को पकड़कर और अच्छे को हीरो के रूप में मनाए जाने के साथ होता है! बच्चों, यदि वे परमेश्वर के वचन के अनुसार नहीं हैं तो सभी विचारों को पकड़ लिया जाना चाहिए (जेल में डाल दिया जाना चाहिए)। पूरे दिन और हर दिन, एक विचार को अपने दिमाग को नकारात्मकता या भय से प्रदूषित न होने दें।

यह आपके दिमाग में रहना चाहता है, इसे रहने न दें। ऐसे विचारों को परमेश्वर के विचारों से विचार करके और उन सही शब्दों को सीधे बोलकर नष्ट कर दें। किसी भी नकारात्मक विचार को हुक से न निकलने दें। इसे पकड़कर और परमेश्वर के वचन से बदलकर कारागार में डाल दो।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं हर विचार को पवित्र आत्मा की शक्ति से बंधक बना लेता हूं। मैं सही विचार ही सोचता हूं प्रभु यीशु मसीह के नाम से।

आगे की पढ़ाई के लिए
2 कुरिन्थियों 10:4-5



अपना मन ऊपर की वस्तुओं पर लगाओ, न कि पृथ्वी की वस्तुओं पर। कुलुस्सियों 3:2 (एनकेजेवी)

मजेदार इन्तेफाक़ की बात क्या आप जानते हैं कि आपका दिमाग आपके मस्तिष्क को काबू करता है? वैज्ञानिक रूप से, मानवीय मस्तिष्क की क्षमता किसी भी ऐसी चीज से परे हैं जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। हालाँकि, यह दिमाग है जो मस्तिष्क को काबू करता है।

बच्चों, जब आप परमेश्वर की तरह सोचते हैं, तो आपके जीवन के लिए संभावनाएं अनंत होती हैं। आप क्या कर सकते हैं या हासिल कर सकते हैं इसकी कोई सीमा नहीं है। आप मसीह में सुपरमैन के रूप में चलना शुरू करते हैं जो आप हैं। किसी की तरफ मत देखो, मैं तुमसे बात कर रहा हूँ! स्वर्ग पृथ्वी पर के इस वर्ष में परमेश्वर के विचारों के बारे में सोचना शुरू करें और अपनी दुनिया के लिए एक आश्चर्य बनें।

## भविष्यवाणी घोषणा

जैसा परमेश्वर है, वैसा मैं इस संसार में हूं। मैं परमेश्वर की तरह सोचता हूं, और मैं वैसा ही काम करता हूं जैसा वह चाहता था! हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 यहुन्ना 4:17



धर्मी का फल जीवन का वृक्ष है, और जो लोगों के प्राणों को जीत लेता है वह बुद्धिमान है।
नीतिवचन 11:30 (एनकेजेवी)

अगर कोई एक खास खेल खेलना जानता है जो आप नहीं जानते हैं, तो हम इस बात से सहमत हो सकते हैं कि वह व्यक्ति उस खेल में बुद्धिमान है या कुछ ऐसा जानता है जो आप नहीं जानते हैं। क्योंकि आप नहीं जानते कि दूसरा व्यक्ति क्या जानता है, आप खेल को खेलने के लिए बहुत निराशाजनक पाएंगे और आप दूसरों को बताएंगे कि यह बहुत कठिन है।परमेश्वर के कई बच्चे प्राणों को जीतने के बारे में यही सोचते हैं।

जब वे आज के हमारे वचन को देखते हैं तो वे यह भी सोचते हैं कि जब वे प्राणों को जीतते हैं तो आप बुद्धिमान हो जाते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। क्या आपने देखा, प्राणों को जीतने वाले के पास प्रभावी होने के लिए एक निश्चित ज्ञान होता है और जिस ज्ञान का वे इस्तेमाल करते हैं वह यह है कि प्राणों को जीतना आसान है! एक प्राण को जीतने वाला ज्ञान का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम अपने आप को हर दिन यह विश्वास दिलाना है कि प्राणों को जीतना आसान है और इससे पहले कि वे इसे जानें, वे हर जगह प्राणों को जीत रहे हैं!

## भविष्यवाणी घोषणा

प्राण जीतना उतना ही आसान है जितना मेरी आंखें खोलना था और मैं स्वर्ग पृथ्वी पर के इस वर्ष में पहले से कहीं अधिक प्राणों को जीत लूंगा!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 4:35



तू कहता है, 'अनाज इकट्ठा करने से पहले चार महीने और इंतजार करना है।' परन्तु मैं तुम से कहता हूं, अपनी आंखें खोलो। उन खेतों को देखें जो अब कटाई के लिए तैयार हैं। यहुन्ना 4:35 (आईसीबी)

बच्चों, तुम कैसे जानते हो कि तुम्हारे घर कोई मेहमान ज़रूर आने वाला है? सबसे पहले, आपके माता-पिता या आने वाले मेहमान के कमरे के लिए नई चादरें और बिस्तर पर नए तौलिये और कुछ आरामदायक कपड़े तैयार करते हैं। अब ठीक यही है जो आज का हमारा पवित्रशास्त्र उनके बारे में कहता है जिन्हें तुम मसीह की ओर ले जाओगे।

खेतों (जिन लोगों को आप मसीह के लिए जीतेंगे) के पास पहले से ही उनके नाम के साथ स्वर्ग के चमकीले सफेद वस्त्र तैयार हैं, इससे पहले कि आप उनसे बात करें! यही कारण है कि प्राणों को जीतना आसान है, क्योंकि परमेश्वर ने स्वर्ग के लिए पहले से ही उनके कपड़े तैयार कर रखे हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें विश्वास है कि आप उन्हें जीत लेंगे! परमेश्वर निश्चित रूप से कंपनी की उम्मीद कर रहे हैं और आपको बस इतना करना है कि लोगों को अपने नए फैशन के कपड़े पहनने और स्वर्ग में पार्टी का आनंद लेने के लिए आमंत्रित करना है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं एक गंभीर प्राण विजेता हूँ। मैं स्वर्ग पृथ्वी पर के इस वर्ष में मसीह के लिए लाखों प्राणों को जीतूंगा। मैं डरूंगा नहीं और निडरता से आगे बढ़ूंगा प्रभु यीशु मसीह के सामर्थी नाम से!

आगे की पढ़ाई के लिए
प्रकाशितवाक्य 7:9



तू कहता है, ‘अनाज इकट्ठा करने से पहले चार महीने और इंतजार करना है।’ परन्तु मैं तुम से कहता हूं, अपनी आंखें खोलो। उन खेतों को देखें जो अब कटाई के लिए तैयार हैं। यहुन्ना 4:35 (आईसीबी)

आज के वचन में, यीशु किन खेतों के बारे में बात कर रहे हैं? क्या हमें फुटबॉल के हर मैदान में जाना चाहिए और वहीं प्राणों को जीतना चाहिए? नहीं! वचन खेत का अर्थ है दो सीमाओं के बीच कोई स्थान। इसके बारे में ज़रा सोचो। क्या आपका घर एक जगह है? आपके पड़ोस, गांव या कस्बे के बारे में क्या? हाँ! एक शहर, देश या यहां तक कि एक स्टेडियम के बारे में क्या? हाँ! इसलिए, यदि आप पूछ रहे थे कि आपको प्राणों को कहाँ जीतना चाहिए, तो यीशु ने जो उत्तर दिया वह यह स्थान है जहाँ आप लोगों को पाते हैं। अब कोई सिमा नहीं!

आप जहां भी हों वहीं से शुरू करें, अपने घर पर, या बस का इंतजार करते समय या यहां तक कि जब आप छुट्टी पर हों, किसी से यीशु के बारे में बात करें! इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किस राष्ट्र में हैं किसी को बताएं कि उनका स्वर्गीय वस्त्र तैयार है और इसे पहनने का समय आ गया है। आप जहां भी जाएं प्राणों को जीतें!

## भविष्यवाणी घोषणा

प्राणों को जीतना आसान है। मैं बूढ़े या जवान किसी से भी बात करूंगा और उन्हें यीशु मसीह के बारे में बताऊंगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
मरकुस 16:15



यीशु ने कहा, मेरा भोजन यह है कि जो मेरा भेजने वाला चाहता है वो मैं करू। मेरा भोजन उस काम को पूरा करना है जो उसने मुझे करने को दिया है। यहुन्ना 4:34 (आईसीबी)

बच्चों, क्या आपने कभी उन फिल्मों या कार्टूनों को देखा है जहां एलियंस पृथ्वी पर आक्रमण करने की कोशिश कर रहे हैं और उनकी दुनिया में खोई हुई मूल्यवान चीज़ों की वो तलाश कर रहे हैं? आमतौर पर, मदरशिप कुछ एलियंस को पृथ्वी पर भेस बदलके भेजती है, और उनका मिशन खोए हुई मूल्यवान चीज़ को फिर से पाना होता है। मदरशिप उन्हें उनकी ज़रूरत की सभी चीजों को पूरा करके देती है। हालांकि वे मानव के रूप में भेस बदल रखे हैं, वे सामान्य मानवीय हरकतों से विचलित नहीं होते हैं।

एक प्राण विजेता के रूप में, आपका उद्देश्य और मिशन, जो आपको स्वीकार करना चाहिए, वो खोए हुए प्राणों को फिर से प्राप्त करना है जो मदरशिप (माउंट सिय्योन) से संबंधित हैं। आपको सांसारिक चीजों से विचलित नहीं होना है, और आपकी आपूर्ति सिय्योन पर्वत से आती है न कि पृथ्वी से। आप मसीह में एक सैनिक हैं; सैनिक एक काम करते हैं: वे मिशन पर जाते हैं। यही कारण है कि यीशु ने उसे अपना भोजन कहा, जिसने उसे बल दिया।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं हर तरह से प्राणों को जीतने के अपने मिशन को स्वीकार करता हूं। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 4:5-34



यह बात याद रखो: जो कोई किसी पापी को गलत मार्ग से लौटा लाएगा, वह उस पापी के प्राण को मृत्यु से बचाएगा। ऐसा करने से उस व्यक्ति के अनेक पाप क्षमा हो जाएँगे। याकूब 5:20 (आईसीबी)

मान लीजिए कि आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिले हैं जिसे नदी में तैरना बहुत पसंद था, लेकिन आप जानते हैं कि नदी में मगरमच्छों की भरमार है। क्या आप चुप रहेंगे? बिलकूल नहीं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना जानते हैं कि व्यक्ति तैरना पसंद करता है और यह उन्हें कैसे खुश करता है, आप उन्हें हर तरह से रोकेंगे, है ना? आप मगरमच्छों से नफरत करते हैं क्योंकि वे सिर्फ पानी के नीचे छिपे हुए हैं, झपटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह वही है जो हम करते हैं जब हम प्राणों को जीतते हैं। जो लोग मसीह को नहीं जानते वे सोच सकते हैं कि वे जो कर रहे हैं वह उनके लिए अच्छा है लेकिन यह आप ही हैं जो जानते हैं कि वे खतरे की ओर बढ़ रहे हैं जो मगरमच्छों से भी बदतर और भयानक है। पाप से घृणा करो और क्या कारण है कि लोग मसीह को अस्वीकार करते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आपका प्राण जीतना प्रेम से गहरा होगा।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं उससे घृणा करता हूँ जिससे परमेश्वर घृणा करता है और मैं उससे प्रेम करता हूँ जिससे परमेश्वर प्रेम करता है। प्राणों को जीतना आसान है!

आगे की पढ़ाई के लिए
याकूब 5:19-20



आप युवा हैं, लेकिन किसी को भी अपने साथ ऐसा व्यवहार न करने दें, जैसे कि आप महत्वपूर्ण नहीं हैं। विश्वासियों को यह दिखाने के लिए एक उदाहरण बनो कि उन्हें कैसे जीना चाहिए। उन्हें अपने शब्दों से, अपने जीने के तरीके से, अपने प्यार से, अपने विश्वास से, और अपने शुद्ध जीवन से दिखाओ।
1 तीमुथियुस 4:12 (आईसीबी)

कई युवा लोगों के लिए, अपने से बड़े लोगों के प्राणों को जीतना एक डरावनी बात है। यह इस तरह से होना जरूरी नहीं है। आप देखिए, पौलुस युवा तीमुथियुस को हमारे वचन में कह रहा था कि भले ही वह इतना छोटा है, उसे लोगों को अपने साथ बुरा व्यवहार करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। वह और आप आखिरकार ऐसा कैसे करेंगे?

आपका पहिरावन बहुत आगे तक जाता है। एक प्रभावी प्राण-विजेता बनने के लिए, आपको एक राजा के बच्चे की तरह कपड़े पहनने चाहिए न कि अन्य बच्चों की तरह। स्मार्ट होने के साथ, आपका व्यवहार और शिष्टाचार आपका बड़ों (आपके बड़े भाइयों और बहनों सहित) के सामने उन्हें मसीह की ओर ले जा सकता है। जब आप यीशु के बारे में बोलेंगे तो वे आपकी सुनेंगे। आज से, आप जहां कहीं भी जाएं लोगों का दिल जीतने के लिए होशियार और सम्मानित बनें।

## भविष्यवाणी घोषणा

अब से मेरा पहनावा हर दिन प्राणों को जीतने के लिए होगा आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 तीमुथियुस 4:11-13



मेरा पूरा अस्तित्व, प्रभु की महिमा कर। उसके सभी उपकारों को मत भूलना। भजन 103:2 (आईसीबी)

बच्चों, परमेश्वर हमें क्यों कहते हैं कि हम उनकी दया को न भूलें? ऐसा इसलिए है क्योंकि इसे भूलना आसान है और इसलिए निराश होना आसान है। हमें उसके लाभों को याद रखना चाहिए ताकि हम वह करने से न थकें जो वह हमें बताता है जैसे कि प्राणों को जीतना। कुछ ऐसी चीजें हैं जो परमेश्वर हमें करने के लिए कहते हैं जो दूसरों की तुलना में अधिक लाभ देती हैं और प्राण जीतना उनमें से एक है।

नोट्स का एक फायदा ईश्वरीय सुरक्षा है। यीशु प्राण जीतने वालों की रक्षा किसी अन्य की तरह नहीं करता क्योंकि वह जानता है कि वे अपना मिशन पूरा कर रहे हैं। जिस पल आप प्राणों को जीतने का फैसला लेते हैं, स्वर्गदूतीय सेनाएं आपके साथ जाने के लिए तैयार हैं। एक और लाभ दिव्य आपूर्ति है। जैसे आप प्राणों को जीतने के लिए ध्यान रखते हैं, परमेश्वर आपसे संबंधित हर चीज़ का ध्यान रखता है। प्राण जीतने वालों को कभी कमी नहीं होती। आज, एक प्राण जीतने वाले होने के लाभों की पढ़ाई करें और बाहर जाकर प्राणों को जीतने के लिए प्रोत्साहित रहे।

## भविष्यवाणी घोषणा

जब मैं प्राणों को जीतने के लिए बाहर जाता हूं तो मैं स्वर्गीय रूप से सुरक्षित और स्वर्गीय रूप से ढाल होता हूं। आमीन!

आगे की पढाई के लिए
लूका 10:1



मसीह में कोई पाप नहीं था। परन्तु परमेश्वर ने उसे पाप बना दिया। परमेश्वर ने हमारे लिए यह किया ताकि हम मसीह में परमेश्वर के साथ सही बन सकें। 2 कुरिन्थियों 5:21 (आईसीबी)

क्या आपने कभी टीचर के पालतू जानवर के बारे में सुना है? कभी-कभी स्कूल में हमेशा एक छात्र होता है जिसके सभी उत्तर सही मिलते हैं, और टीचर भी उन्हें पसंद करते हैं। जबकि अन्य छात्र टीचर से डर रहे होंगे, लेकिन ये छात्र कभी डरता नहीं है और टीचर के पास साहसपूर्वक जाता है। हम कहते हैं कि छात्र टीचर के साथ सही स्थिति में है।

परमेश्वर के राज्य में, आप परमेश्वर के पसंदीदा हैं क्योंकि आप धर्मी पैदा हुए थे। इसका मतलब है कि आप परमेश्वर के सामने बिना अपराध, हीन भावना से, या न्याय के डर के बिना खड़े हो सकते हैं। इसलिए, आपको इस डर से उसके पास जाने की ज़रूरत नहीं है कि कल आपने जो किया उसके लिए वह आपको दंड देगा। आपको अधिक धर्मी बनने के लिए प्रार्थना करने की ज़रूरत नहीं है। तुम धर्मी पैदा हुए थे!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर की धार्मिकता हूँ और पाप की मुझ पर कोई शक्ति या प्रभाव नहीं है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 6:14



हम अपने हृदय से विश्वास करते हैं, और इसलिए हम परमेश्वर के साथ सही बनाए गए हैं। और हम अपने मुंह से यह कहने की घोषणा करते हैं कि हम विश्वास करते हैं, और इसलिए हम बच गए हैं। रोमियों 10:10 (आईसीबी)

क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि यदि आप अपनी साइकिल चलाते हैं, तो आप अपने ध्यान की दिशा में आगे बढ़ते हैं? यदि आप दाएं जाना चाहते हैं, तो भी यदि आप बाएं देखते हैं, तो आप जिस दिशा में देख रहे हैं, उसी दिशा में जाएंगे। यह तब होता है जब आप अच्छे होने पर अधिक ध्यान देने के बजाय ये जानके जागरूक होते हैं कि आप धर्मी हैं।

जितना अधिक आप अपनी गलतियों और असफलताओं पर ध्यान लगाते हैं, उतना ही आप उनके बन जाते हैं। स्वर्ग में जाने के लिए आपको सही जीने या अच्छा होने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि यीशु आप में पहले से ही काफी अच्छा है और वह आप में रहता है! आप धर्मी पैदा हुए थे और इसलिए जहाँ भी बाइबल में धार्मिकता के बारे में बात करने वाले पद हैं वे आपके लिए हैं! अपने आप को बताते रहो कि तुम धर्मी हो और तुम धर्मी काम करना शुरू कर दोगे।

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरा ध्यान धार्मिकता पर है। मैं मसीह में धर्मी हूँ और पाप का मुझ पर कोई अधिकार नहीं है प्रभु यीशु मसीह के सामर्थी नाम से!

आगे की पढ़ाई के लिए
2 कुरिंथियों 3:18



एक व्यक्ति ने पाप किया, और इस प्रकार मृत्यु ने उस एक व्यक्ति के कारण सभी लोगों पर शासन किया। परन्तु अब कुछ लोग परमेश्वर के पूर्ण अनुग्रह और उसके साथ ठीक होने के महान उपहार को स्वीकार करते हैं। उनके पास निश्चित रूप से सच्चा जीवन होगा और वे एक व्यक्ति, यीशु मसीह के द्वारा शासन करेंगे। रोमियों 5:17 (आईसीबी)

क्या आपने कभी गौर किया है कि कैसे एक टीचर अक्सर अपने पसंदीदा छात्र को जिम्मेदारी के पदों पर बैठा देता है? क्लास मॉनिटर या ग्रुप लीडर की तरह? हमारा वचन आज जो कहता है ठीक यही बात तब घटित होगी जब तुम जानोगे कि तुम धर्मी हो। आप परमेश्वर की दिव्य क्षमता और शासन तक पहुँच प्राप्त करते हैं।

अब आप किसी भी चीज़ के अधिकारी हैं। जब आप अपनी गलतियों पर ध्यान देना बंद कर देते हैं और इस इंतेफाक पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आप धर्मी पैदा हुए हैं, तो आप अलौकिक शक्ति में आसानी से कहीं भी जा सकते हैं।इसलिए आज, जब शत्रु आपको याद दिलाता रहता है कि आप कितने बुरे हैं, तो इस बात पर ध्यान दें कि आप वचन के द्वारा मसीह में कितने सही हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं मसीह में राजा बनकर राज्य करता हूं, मैं बहुतायत के अनुग्रह में चलता हूं प्रभु यीशु मसीह के नाम से! मैं मसीह में अपने सामर्थ और अधिकार में चलूंगा।

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 5: 21



लेकिन आप अपने पापी स्वभाव के द्वारा शासित नहीं हैं। आप पर आत्मा का शासन है, यदि परमेश्वर का आत्मा वास्तव में आप में वास करता है। परन्तु यदि किसी में मसीह का आत्मा नहीं है, तो वह मसीह का जन नहीं। रोमियों 8:9 (आईसीबी)

कल्पना कीजिए कि आप टूटी हुई खिड़कियों, ढीले फर्शों और टपकती छत वाले घर में जाते हैं। जब मरम्मत करने वाला आएगा, तो वह आपको ठीक करेगा या आपके घर को? जब आपका नया जन्म हुआ था तब भी ऐसा ही था। आप देखते हैं, कभी-कभी आपका शरीर (मांस) क्रोधित हो जाता है, बुरे विचार सोचता है, और सही काम नहीं करता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि असली आप आपका शरीर नहीं है बल्कि आपकी आत्मा हैं।

आप अपनी आत्मा में धर्मी पैदा हुए थे और जबकि परमेश्वर आत्मा है, वह केवल आपकी आत्मा पर ध्यान लगाता है। आपकी आत्मा सिद्ध है, और इसलिए परमेश्वर कभी भी आपकी निंदा नहीं कर सकता क्योंकि आपकी आत्मा का स्वभाव उसके जैसा ही है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका शरीर या दुश्मन आपको क्या कह रहा है कि आपको अपने बारे में बुरा महसूस करना चाहिए, ऊंच्ची आवाज में बोलते रहें; यीशु का धन्यवाद हो कि मैं अच्छा हूँ क्योंकि आप मुझमें अच्छे हो।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं शरीर नहीं हूँ, मैं अपनी आत्मा हूँ। नरक का मुझ पर कोई अधिकार नहीं, यीशु ने सबको हरा दिया!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 4:24



GoodNews DAILY



यह एक महायाजक एब्यातार के समय में हुआ था। दाऊद ने परमेश्वर के भवन में जाकर वह रोटी खाई जो परमेश्वर के लिए पवित्र की गई थी। मूसा की व्यवस्था कहती है कि केवल याजक ही उस रोटी को खा सकते थे। परन्तु दाऊद ने तो कुछ रोटी अपने साथियों को दे दी। मरकुस 2:26 (आईसीबी)

यदि कोई एक व्यक्ति था जो जानता था कि वह धर्मी है और उसने इसका लाभ उठाया, तो वह दाऊद था। यीशु उस समय का वर्णन कर रहे हैं जब दाऊद ने याजकों से रोटियाँ लीं फिर भी किसी को अनुमति नहीं दी गई क्योंकि वे मर जाते।

तौभी दाऊद ने उसे हियाव से पकड़ा और खाया, क्योंकि वह जानता था, कि वह परमेश्वर का पुत्र है, और इस कारण से धर्मी है। वह जानता था कि वह परमेश्वर का पसंदीदा था। जब आप जानते हैं कि आप धर्मी हैं तो आप वे चीजें ले सकते हैं जो दूसरों के पास नहीं हो सकतीं। आप निडर हो जाते हैं और अपने जीवन में अनगिनत चमत्कारों की आज्ञा देते हैं। दाऊद ने जो कुछ किया वह स्वयं को याद दिलाने के लिए था कि वह धर्मी था और यह पुराने नियम में था! और आपका क्या जो नया जन्म पा रखें है?

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं शेर की तरह दिलेर हूं। मुझे कोई बंधन पकड़े हुए नहीं है, मेरे पास जीत है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
नीतिवचन 28:1



मेरा पूरा अस्तित्व, प्रभु की महिमा कर। उसके सभी उपकारों को मत भूलना।
भजन 103:2 (आईसीबी)

कई ईसाई धार्मिकता के माध्यम से परमेश्वर के अद्भुत उपकारों से वंचित रह जाते हैं क्योंकि वे नहीं सोचते कि वे धर्मी हैं। जब वे बाइबल पढ़ते हैं, तो वे दुष्टों के बारे में पढ़ते हैं, यह सोचते हुए कि यह उनके बारे में बात कर रहा है। बच्चों, बाइबल परमेश्वर का वचन नहीं है। इसके अंदर शामिल है। इसका मतलब यह नहीं है कि बाइबिल में सब कुछ आपके लिए है, जो आपका है उसे खोजने के लिए आपको वचनों को खोजना होगा। शुक्र है, गुडन्यूज डेली आपके लिए इसे आसान बनाता है।

उदाहरण के लिए, अब जब आप जानते हैं कि आप धर्मी हैं तो नीतिवचन 10:6 (आईसीबी) आपके ऊपर भरपूर आशीषें हैं। आज आगे के पढ़ाई में अच्छे ज्ञानियों (धर्मी जन) की बात करने वाले वचनों को पढ़ें और उनका रोज़ मनन करें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं फल लाता हूँ क्योंकि मैं धर्मी हूँ। मैं अपनी पीढ़ी के लिए धार्मिकता का एक वृक्ष हूँ प्रभु यीशु मसीह के सामर्थी नाम से। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
नीतिवचन 10:6



यदि परमेश्वर का प्रेम हम में सिद्ध हुआ है, तो जिस दिन परमेश्वर हमारा न्याय करेगा उस दिन हम निडर हो सकते हैं। हम बिना किसी डर के रहेंगे, क्योंकि इस दुनिया में हम उसके जैसे हैं। 1 यूहन्ना 4:17 (आईसीबी)

परमेश्वर की महिमा करो यीशु आपके ऊपर अच्छा लगता है! वह वास्तव में करता है। वह आप में धर्मी दिखता है। आज के लिए हमारा शुभ समाचार हमें बताता है कि यीशु जो कुछ भी है, आप बिल्कुल वही हैं। उनका स्वभाव, उनकी शक्ति, सब कुछ बिल्कुल वैसा ही है! जब परमेश्वर आपको देखता है, तो आप यीशु की हूबहू नकल दिखते हैं।

हम हमेशा कहते हैं कि ऐसा कुछ नहीं है जो परमेश्वर नहीं कर सकता, लेकिन एक बात है; वह आपको यीशु से अलग कुछ नहीं बता सकता। आप यीशु के समान धर्मी हैं और आप अभी जितने धर्मी हैं, उससे और अधिक धर्मी नहीं बन सकते। आप धर्मी होने के लिए उपवास या प्रार्थना करने की कोशिश नहीं कर सकते, आपको बस इसके साथ पैदा होना था, और परमेश्वर का धन्यवाद हो कि आप हैं। आज, यह जानकर कि शैतान के पास आप पर कुछ भी नहीं है, आगे बढ़ें और घोषणा करते रहें कि यीशु मुझ पर अच्छा दिखता है!

## भविष्यवाणी घोषणा

जब वे मुझे देखेंगे तो वे मसीह को देखेंगे। मुझ में मसीह, मेरे चारों ओर मसीह, मेरे ऊपर मसीह मेरे नीचे मसीह और मेरे कपड़ों में मसीह!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 13:14



मसीह में, उसने हमें संसार के बनने से पहले चुन लिया। अपने प्रेम में उसने हमें अपनी पवित्र प्रजा होने के लिए चुन लिया है—ऐसे लोग जो उसकी दृष्टि में निर्दोष हैं। इफिसियों 1:4 (आईसीबी)

बहुत से लोग कठिन प्रार्थना कर रहे हैं और परमेश्वर की अच्छी पुस्तकों में रहने की कोशिश कर रहे हैं, परमेश्वर के द्वारा धर्मी और चुने जाने की प्रार्थना कर रहे हैं। मुझे उन लोगों पर तरस आता है क्योंकि वे नहीं जानते कि चुना हुआ, पवित्र और धर्मी होना बहुत आसान है। एक कछुआ चीते की तरह तेज़ होने की प्रार्थना नहीं कर सकता। नहीं, उसे चीता पैदा होना पड़ेगा और बस फिर दौड़ना है!

हमारा वचन आपको बताता है कि आपको पवित्र और धर्मी होने के लिए दुनिया के बनने से पहले ही अरबों लोगों के बीच परमेश्वर द्वारा चुना गया था। इसका मतलब है कि अगर कोई आपके बारे में परमेश्वर से कहता है, तो वह नहीं सुनेगा! ये आशीषें और एहसान हैं जिनके लिए दूसरे प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आपको इसके लिए चुना गया था। आज जान लें कि आपसे कभी गलती नहीं हुई थी क्योंकि आपको स्वयं परमेश्वर ने चुना था।

## भविष्यवाणी घोषणा

मुझे दुनिया के बनने से पहले चुना लिया गया था, परमेश्वर के साथ सही स्थिति में रहने के लिए चुना गया था। धन्यवाद प्रभु यीशु मुझे चुनने के लिए! हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 1: 4-5


# GOD'S PROMISES

Psalms

GOD IS ALWAYS FAITHFUL.

GOD WILL NEVER LEAVE YOU.

GOD WILL HELP YOU.



GOD WILL COMFORT YOU.

GOD KEEPS HIS PROMISES

GOD WILL LOVE YOU FOREVER.

GOD WILL KEEP YOU SAFE.



और जगत के बनने से पहले, परमेश्वर ने यीशु मसीह के द्वारा हमें अपनी सन्तान बनाने का फैसला किया। वह यही चाहता था और जो उसे प्रसन्न भी करता था। इफिसियों 1:5 (आईसीबी)

क्या आप जानते हैं बच्चों, परमेश्वर का गर्व और आनंद क्या है? यीशु। यीशु का जीवन अन्य मनुष्यों की तरह नहीं था। यह सामर्थ्य, चमत्कारों, चिह्नों और आश्चर्यकर्मों से भरा हुआ था! वह कभी बीमार नहीं हुए बल्कि हमेशा दूसरों को चंगा करते रहते थे। उन्होंने अलौकिक जीवन जिया! उसके बारे में ऐसा कुछ भी नहीं था जो स्वाभाविक था। परमेश्वर ने आपको अरबों में से वही जीवन जीने के लिए चुना है जिसका सपना दूसरे लोग देखते हैं।

शांति और स्वतंत्रता से भरा जीवन। जब परमेश्वर ने यीशु को पानी पर चलते, भीड़ को चराते, मरे हुओं को जिलाते और तूफानों को आज्ञा देते हुए देखा, तो वह केवल एक ही बात के बारे में सोच रहा था: आप! वह इस बारे में सोच रहा था कि कैसे वह चाहता है कि आप उससे भी बड़े और शक्तिशाली काम करें। अपनी उम्र को लेकर कभी भी अपने आप पर संदेह या डर न करें, आप इसी जीवन के लिए बने हैं और अभी से शुरुआत करनी चाहिए!

## भविष्यवाणी घोषणा

जैसा यीशु है, वैसा ही मैं इस संसार में हूं। मेरी नियति यीशु की तरह जीना है। मेरा जीवन सावधानी से नियोजित है। महिमा हो!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 14:12



इससे पहले कि मैंने तुझे तेरी माँ के गर्भ में बनाया, मैंने तुझे चुन लिया था। तुम्हारे जन्म से पहले, मैंने तुम्हें एक विशेष कार्य के लिए अलग किया था। मैं ने तुझे जातियों का भविष्यद्वक्ता ठहराया है। यिर्मयाह 1:5 (आईसीबी)

सबसे अच्छे गैजेट या दवाएं तब तक जनता को नहीं बेची जाती हैं जब तक कि उनका पूरी तरह से जांच नहीं कर ली जाए। वे कई प्रयोगों और जांचों से गुजरते हैं जब तक कि बनाने वाले को तसल्ली नहीं हो जाती कि उनके गैजेट या दवाएं लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाएंगी बल्कि उनके जीवन को आसान और बेहतर बनाएंगी। जब वे पूरी तरह से संतुष्ट हो जाते हैं, तो वे लोगों को यह दिखाने के लिए अपने गैजेट और आविष्कारों को गर्व से लेबल या नाम देकर बताते हैं कि उनकी चीज़ें क्या कर सकती हैं।

उसी तरह, इससे पहले कि आप अपनी माँ के गर्भ में पैदा हुए, परमेश्वर पहले से ही अनंत काल में आपके साथ समय बिता चुके थे और आपसे बहुत खुश थे। फिर उसने आप पर अपनी आत्मा का लेबल लगाया ताकि पूरी दुनिया जाने कि उसे आप पर कितना गर्व है और उसे आप पर कितना भरोसा है कि आप दुनिया को एक बेहतर जगह बनाएंगे।

## भविष्यवाणी घोषणा

मुझे मेरे जन्म से पहले ही जाना जाता था। किसी के होने से पहले परमेश्वर मुझसे प्रसन्न थे। परमेश्वर को मुझ पर गर्व है। धन्यवाद यीशु!

आगे की पढ़ाई के लिए
यर्मियाह 1:4-5



लेकिन तुम चुने हुए लोग हो। तुम राज्य की हो। आप एक पवित्र राष्ट्र हैं। आप एक ऐसे राष्ट्र हैं जो अकेले परमेश्वर के हैं। परमेश्वर ने आपको उन अद्भुत कामों के बारे में बताने के लिए चुना है जो उसने किए हैं। उसने तुम्हें अन्धकार में से अपनी अद्भुत ज्योति में बुलाया है। 1 पतरस 2:9 (आईसीबी)

जैसा कि मैं आमतौर पर कहता हूं कि अब हम अंत के दिनों में हैं, अंत के भी आखरी पलों में। स्वर्ग में उठाए जाने से पहले हम ईसाइयों की आखरी पीढ़ी हैं। इस समय के दौरान अधिक से अधिक प्राणों को जीतने के लिए एक अविश्वसनीय हलचल और हताशा होती है। हालाँकि, उसी समय दुश्मन अपने गुलामों के साथ प्राणों को गुमराह करने के लिए दौड़ रहा है जैसे पहले कभी नहीं हुआ!

यह दुनिया भर के ईसाइयों के लिए परेशान करने वाला समय है लेकिन इस सब में, परमेश्वर ने इस समय में रहने के लिए शक्तिशाली एलिय्याह को नहीं चुना। उसने अद्भुत पौलुस या साहसी दाऊद को नहीं चुना ये ईसाई पिढ़ी को बादलों पर उठाए जाने के लिए तैयार करने के लिए। यहाँ तक कि यहोशू को भी नहीं जिसने सूर्य को रोका था। नहीं, उसने तुम्हें चुना है! वे सभी सेनापति उस स्थान पर रहने के लिए बेताब थे जहाँ आप अभी है पवित्र आत्मा के साथ। परमेश्वर आप पर विश्वास करता है और आप अधिक से अधिक प्राणों को इकट्ठा करेंगे। आपके जीवन का उद्देश्य आपकी सोच से भी बढ़कर है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं इस समय के लिए पैदा हुआ था, स्वर्ग को भरने और नर्क को खाली करने के लिए प्रभु यीशु मसीह के शक्तिशाली नाम में। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
एस्तेर 4:14



GoodNews DAILY



लेकिन तुम चुने हुए लोग हो। तुम राज्यकीय याजक हो। तुम एक पवित्र राष्ट्र हो। तुम एक ऐसे राष्ट्र हो जो अकेले परमेश्वर के हैं। परमेश्वर ने आपको उन अद्भुत कामों के बारे में बताने के लिए चुना है जो उसने किए हैं। उसने तुम्हें अन्धकार में से अपनी अद्भुत ज्योति में बुलाया है। 1 पतरस 2:9 (आईसीबी)

प्राचीन काल में राजा याजको के बहुत करीबी थे और इस वजह से उस समय के याजक आमतौर पर समाज के धनी लोगों से भी कहीं बेहतर जीवन जीया करते थे। एक याजक लोगों के लिए प्रार्थना किया करते थे और महत्वपूर्ण मामलों पर राजा को सलाह दिया करते थे।
कई बार राजा अपने सलाहकारों से ज्यादा याजको की सलाह अधिक लिया करते थे, इसलिए याजकों का एक राज्य की तक़दीर के ऊपर बहुत बड़ा प्रभाव था।

तुम्हें पता होना चाहिए कि तुम परमेश्वर के याजक होने के लिए चुने गए हो। सुनो, अगर तुम्हारे परिवार या देश में कोई समस्या है, तो परमेश्वर तुम्हारी सुनेगा, किसी और सलाहकार की नहीं। आपको राष्ट्रों के लिए प्रार्थना करने के लिए सावधानी से चुना गया था। क्या आप समझते हैं कि आप पृथ्वी पर इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं? जब आप प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर आपकी प्रार्थनाओं के आधार पर राष्ट्रों के नतीजों का फैसला करते हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं अपने राजकीय कर्तव्यों को गंभीरता से लेता हूं। जैसा कि परमेश्वर मुझे सुनता है, मुझे पता है कि मेरी प्रार्थनाओं का उत्तर आ गया है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए: 1 तीमुथियुस 2:1-4



उसने हमें अपने पिता परमेश्वर की सेवा करने वाले याजकों का राज्य बनाया है। यीशु मसीह की महिमा और सामर्थ्य युगानुयुग रहे! आमीन। प्रकाशितवाक्य 1:6 (आईसीबी)

अभी पृथ्वी पर 43 राजा लिखित रूप में हैं। वह आंकड़ा गलत है क्योंकि उन्होंने आपको नहीं गिना। जैसे ही आप परमेश्वर के साथ अपने सही संबंध के माध्यम से अनुग्रह में आगे बढ़ते हैं, आप पृथ्वी पर एक राजा के रूप में शासन करेंगे। परमेश्वर ने आपको इस धरती पर शासन करने और एक राजा की तरह जीने के लिए चुना है।

आपके पास दुनिया के राजाओं से अधिक शक्ति है क्योंकि वे अपने देशों, चाहे छोटे हों या बड़े, पर शासन करने तक सीमित हैं और लोगों को अपनी प्रजा के रूप में रखते हैं। हालाँकि, आपके पास पूरी दुनिया है क्योंकि आप अब्राहम के बीज हैं और आपके पास अपने विषय के रूप में सृष्टि है। इसका मतलब है कि पेड़, बारिश और इमारतें आपकी आज्ञा सुन सकते हैं। याद रखें कि कैसे यहोशू ने सूरज को भी आज्ञा दी थी? आज से स्वयं को बताते रहें कि आप मसीह में एक राजा हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं इस दुनिया में एक राजा की तरह रहूँगा, मैं सृष्टि को आज्ञा दूँगा कि मैं जो कहूँ वह करे प्रभु यीशु सामर्थी नाम से। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहोशू 10:12-13



मसीह में, उसने हमें संसार को बनाने से पहले चुन लिया। अपने प्रेम में उसने हमें अपनी पवित्र प्रजा होने के लिए चुन लिया है—ऐसे लोग जो उसकी दृष्टि में निर्दोष हैं। इफिसियों 1:4 (आईसीबी)

पृथ्वी को बनाने से पहले, आपको चुन लिया गया था। इससे पहले कि परमेश्वर ने घास का रंग या पहाड़ कितना ऊंचा होगा चुना, उसने आपको चुन लिया। ऐसा कोई देश नहीं है जहां आप यात्रा नहीं कर सकते क्योंकि सीमाओं को बनाने से पहले ही आपको चुना गया था।

लहरों के किनारों से टकराने और पेड़ लगाए जाने से पहले, आपको चुना गया था। कुछ भी बनने से पहले आपका नाम उसके होठों पर था। इसलिए, आपसे बड़ा कोई नहीं है, क्योंकि आप सबसे बड़े हैं। यदि परमेश्वर ने तुम्हें जगत की रचना से भी पहिले चुना, तो तुम अपने पिता परमेश्वर के समान उन दिनों से भी अधिक पुराने हो। आपको इसलिए चुना गया था ताकि सृष्टि आपकी बात सुन सकें क्योंकि आप इससे पहले चुने गए थे। परमेश्वर की महिमा हो!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरे जीवन का एक मतलब है और मैं जितना सोचता हूं उससे कहीं अधिक बड़ा हूं। मैं परमेश्वर द्वारा बड़ी चीज़ों के लिए चुना गया हूं प्रभु यीशु मसीह के सामर्थी नाम से। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
यर्मियाह 1:5



यदि तुम मुझ से प्रेम रखते हो, तो मेरी आज्ञा के अनुसार काम करोगे। यहुन्ना 14:15 (आईसीबी)

आज की हमारी आयत में यीशु हमें बताते है कि वह हमसे कैसे प्यार चाहते है। चेलों को मिलाकर बहुत से लोग थे, जिन्होंने यीशु की संगति का आनंद लिया। उसने ज्ञान की बातें कीं, उन्हें हँसाया और उन्हें चंगा किया। लोग आसानी से कह देंगे कि वे यीशु से प्यार करते हैं क्योंकि वह महान थे समय बिताने के लिए लेकिन यीशु के दिमाग में ये लोग उससे प्यार नहीं करते थे।

आपने देखा अगर कोई आपके घर आकर आपके साथ समय बिताना पसंद करता है लेकिन आपकी आज्ञा को नजरअंदाज करता है तो वह आपकी इज्जत नहीं करता है। हो सकता है कि आप उन्हें फर्श पर खाना न गिराने के लिए कहते हैं क्योंकि इससे आप मुश्किल में पड़ जाएंगे, लेकिन वे सिर्फ अनदेखा करते हैं और खाना गिराना जारी रखते हैं। क्या यह एक अच्छा अहसास नहीं है, है ना? ठीक है, लेकिन यीशु के लिए केवल वही लोग उससे प्रेम करते हैं जो उसके आज्ञाओं का पालन करते हैं। आज, पवित्र आत्मा की सुनें जैसे ही वह आपको आज्ञा देता है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं वचन पर चलने वाला हूँ और जब मुझे कहा जाएगा तो मैं आज्ञाओं का पालन करूँगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
याकूब 1:22



प्यार, तो, वह है जिसके लिए आपको प्रयास करना चाहिए। और आपको वास्तव में आत्मिक वरदानों को प्राप्त करने की इच्छा होनी चाहिए। और जो तौफा आपको सबसे ज़्यादा चाहिए वह भविष्यवाणी करने में सक्षम होना है। 1 कुरिन्थियों 14:1 (आईसीबी)

सुपरमैन में आपकी पसंदीदा महाशक्ति क्या है? शायद आप सभी शक्तियाँ चाहते हैं लेकिन चलो मान लेते हैं कि आपको लेज़र आँखें सबसे अच्छी लगती हैं। आप लेजर आंखों का इस्तेमाल करना सीखने की कोशिश करते रहते हैं लेकिन इसमें इतना समय लग रहा है और आपके शहर को अभी आपकी ज़रूरत है।

क्या यह बेहतर नहीं होगा यदि सुपरमैन आपके पास आए और आपके साथ रहे और आपको लेजर आंखों और उसकी सारी शक्ति का इस्तेमाल करने का तरीका दिखाए? बेशक, आप करेंगे, यह जल्दी होगा। बहुत सारे आत्मिक वरदान हैं चुनने के लिए जैसे भविष्यवाणी, चंगाई, चमत्कार, लेकिन कई उनमें से एक को चुनकर उस्ताद बनने की कोशिश में फंस जाते हैं। एक बहुत बेहतर तरीका है। अपने घर में सुपरमैन होने की तरह, आपके अंदर परमेश्वर का होना सबसे अच्छा है। क्योंकि परमेश्वर प्रेम है, सभी वरदानों तक पहुँचने का सबसे अच्छा तरीका प्रेम में चलना है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं वरदानों से परे एक जीवन जीता हूं क्योंकि मुझमें वरदानों का स्वामी-यीशु मसीह है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 यहुन्ना 4:4



क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया। परमेश्वर ने अपना पुत्र इसलिए दिया कि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए। यहुन्ना 3:16 (आईसीबी)

बस में अपनी मां के साथ एक जवान लड़के का टीवी पर एक विज्ञापन है। मां उसके लिए उसकी सबसे पसंदीदा चॉकलेट लेकर आई थी और वह वहीं उसे खाना चाहता था। मां ने सख्ती से कहा रात के खाने से पहले नहीं। लड़का दुखी था क्योंकि उसे पता था कि यात्रा लंबी होगी, और फिर उसने अपने बगल में एक महिला को सावधानी से रोते हुए देखा।

उसे कोई समझ नहीं थी कैसे उसे अच्छा महसूस कराए, उसने अपनी सबसे किमती चीज़, अपनी चाकलेट दे दी और उसे खुश कर दिया। उस लड़के ने जो प्यार दिखाया, उस पर वह महिला मुस्कुराई और हंसे बिना नहीं रह सकी। तो आप वास्तव में कैसे जानते हैं कि परमेश्वर आपसे प्यार करते है? उसने आपको एकमात्र कीमती चीज़ दी जिससे उसे खुशी मिली, और वह यीशु है। जब आप परमेश्वर को साबित करना चाहते हैं कि आप उससे प्यार करते हैं, तो उसे वह दें जिसे आप सबसे ज़्यादा संजोकर रखते हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरे प्रेम का सबूत मेरे देने में है। मेरा देना इस स्वर्ग पृथ्वी पर के साल में और गहरा होगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
मरकुस 12:41-44



GoodNews DAILY



‘यहूदा, मुझसे प्रार्थना करो, और मैं तुम्हें उत्तर दूंगा। मैं आपको महत्वपूर्ण रहस्य बताऊंगा। तुमने ये बातें पहले कभी नहीं सुनीं होंगी।’ यिर्मयाह 33:3 (आईसीबी)

कल्पना कीजिए कि एक बच्चा अपने पिता के साथ रहता है लेकिन पिता कभी उससे बात नहीं करता। हर बार जब बच्चा उससे बात करता है तो वह चुपचाप रहता है। यह एक डरावना अनुभव होगा ना? क्यों लोग सोचते हैं कि परमेश्वर, उनके पिता उनसे बात नहीं करते? कैसे हो सकता है आप उससे पैदा हुए, और वह आपसे बात करना बंद कर देगा?

बच्चों, परमेश्वर बोलता है और वह हर समय आपसे बात करता है। केवल एक ही कारण है कि आप उसे नहीं सुनते हैं क्योंकि आप गलत कानों का इस्तेमाल करते हैं। वह इंसान नहीं है, और न ही आप हैं तो आप इंसानी कानों का इस्तेमाल क्यों करेंगे? याद रखें, परमेश्वर प्रेम है, और इसलिए आप प्रेम से पैदा हुए हैं। जब आप प्रेम में चलना, बात करना और सोचना शुरू करते हैं, तो आप अपने पिता को सुनेंगे। वचन के द्वारा परमेश्वर के प्रेम पर मनन करें।

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर मुझसे बात करता है और वह हमेशा मुझसे बात करता है। जैसे मैं प्रेम में चलता हूँ, मैं उसे सुनता हूँ प्रभु यीशु के सामर्थी नाम से!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 10:27



लोगों का कुछ भी बकाया नहीं है। लेकिन आप हमेशा एक-दूसरे के प्यार के कर्जदार रहेंगे। जो व्यक्ति दूसरों से प्रेम करता है उसने सारी व्यवस्था का पालन किया है। रोमियों 13:8 (आईसीबी)

आप इस बात से सहमत हो सकते हैं कि किसी ऐसे व्यक्ति से प्यार करना बहुत आसान है जो आपसे प्यार करता है। क्या होगा अगर वह व्यक्ति आपके साथ अच्छा व्यवहार करना बंद कर दे या आपके साथ कुछ गलत करें? कई लोग कहेंगे कि वे अब उस व्यक्ति को पसंद नहीं करते हैं क्योंकि अब वे डरवाने हो चुके हैं।

यह सशर्त के आधार पर प्रेम है, जहां आप किसी से तभी प्यार करते या पसंद करते हैं, जब वे आपके लिए अच्छे हों। जो लोग मसीह को नहीं जानते हैं तोभी वे ना जानते हुए भी ऐसे ही प्रेम करते हैं, लेकिन आपके पास मसीह है, और यदि कोई आपके साथ गलत व्यवहार कर रहा है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप उनसे प्रेम करना या उनके लिए प्रार्थना करना बंद कर देंगे। यीशु की तरह, आपके पास ऐसे लोग होंगे जो आपके साथ दुर्व्यवहार करेंगे लेकिन यीशु की तरह, आपको कभी भी किसी से प्यार करना बंद नहीं करना चाहिए! उनके लिए प्रार्थना करना जारी रखें और दयालु बनें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं आज हर किसी से प्यार करने का फैसला करता हूं, चाहे मैं कैसा भी महसूस करूं। परमेश्वर का प्रेम मुझ पर है और मैं इसे दूसरों के साथ बांटता हूं। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
लूका 6:27



परन्तु मसीह हमारे लिये उस समय मरा जब हम पापी ही थे। इसी तरह से परमेश्वर ने हमारे लिए अपना महान प्रेम दिखाया है। रोमियों 5:8 (आईसीबी)

मैं आज के हमारे वचन से प्यार करता हूँ। जबकि संसार सभी गलत कामों के कारण परमेश्वर का शत्रु था, मसीह हमारे लिए मरा। यह स्कूल में मिली एक धमकी जैसा है और फिर भी आपने उन्हें उनके जन्मदिन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ तोहफ़ा दिया क्योंकि आप उनसे प्यार करते हैं!

हम यीशु की तरह कैसे प्यार करें? आपने देखा, वह बिना शर्त के प्यार करता था, मतलब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप उसे पसंद करते हैं या नहीं वह अब भी आपसे प्यार करता है। इस प्रकार का प्रेम परमेश्वर के प्रकार का प्रेम है, और यह वह है जो लोगों को मसीह की ओर बदल देता है। इसने यीशु के लिए काम किया और यह आपके लिए भी काम करेगा। यदि आप में मसीह है तो आप केवल इस तरह से प्रेम कर सकते हैं अन्यथा यह असंभव है। जब आप यीशु के प्रेम पर वचनों को पढ़ते हैं, तो आप स्वयं को ऐसे लोगों से प्रेम करते हुए पाएंगे जैसा पहले कभी नहीं किया था।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं सभी के लिए प्यार के अलावा और किसी का कर्ज़दार नहीं हूं। मैं मसीह के समान प्रेम करता हूं, और प्रेम के द्वारा मैं इस संसार को बदल दूंगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 2:4



क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया। परमेश्वर ने अपना पुत्र इसलिए दिया कि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए। यहुन्ना 3:16 (आईसीबी)

बहुत से लोग अभी भी पूछते हैं, मैं प्यार में कैसे चलूं? सबसे पहले, आपको बिना किसी संदेह के जानना चाहिए कि आपके पास परमेश्वर की तरह प्रेम करने की क्षमता है। दूसरी बात, आज की हमारी आयत हमें प्रेम करने की एक सोच देती है और वह देने के माध्यम से है। जब आप यीशु के जीवन के बारे में पढ़ते हैं, तो आप देखेंगे कि उनका जीवन लोगों की सहायता करने के लिए था।

वह हमेशा दूसरों की ज़रूरतों को अपने से पहले रखता था। उसके पास स्वयं के लिए एकमात्र समय था जब उसने अकेले में प्रार्थना की और अधिक लोगों की सहायता करने के लिए मज़बूत और तैयार होने के लिए वचन की पढ़ाई की। दूसरों को पहले रखना, दूसरों के लिए प्रार्थना करना, दूसरों को दिलासा देना और उत्साहित करना ये गहरा प्यार है जिस पर आपको इस साल चलना चाहिए। यह कठिन नहीं है जब आप वचन को काम करने देंगे। प्रेम और कैसे यीशु ने सेवा की पर लिखित वचनों को ढूंढे और जैसे ही आप उन्हें घोषणा करते हैं, आप कुदरती रूप से प्रेम में चलेंगे।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं प्रेम में और गहराई तक जा रहा हूं प्रभु यीशु के सामर्थी नाम से। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 2:3-4



GoodNews DAILY



हाँ, परमेश्वर भी जानता है कि तुम्हारे सिर पर कितने बाल हैं। डरो मत तुम बहुत गौरैयों से कहीं अधिक मूल्यवान हो। लूका 12:7 (आईसीबी)

बच्चों, मैं तुम्हारे बारे में नहीं जानता, लेकिन आज की हमारी खुशखबरी मुझे बस इतना बताती है कि परमेश्वर, तुम्हारा पिता, तुम्हारा दीवाना है। उसने आप पर नज़र रखने के लिए आपके बालों की सभी किस्में गिनने के लिए समय लिया। आपने देखा है, प्रत्येक दिन के अंत में, बड़े बैंकों को यह यकीन करने के लिए तिजोरी में सारे पैसे का ट्रैक रखना और गिनना पड़ता है। लंदन में, हेलीकॉप्टर आमतौर पर किसी भी लुटेरे पर नज़र रखने के लिए बैंक की इमारतों के चारों ओर उड़ते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि जो अंदर है वह बहुत मूल्यवान है।

परमेश्वर ने आपके बारे में हर जानकारी पर नज़र रखकर आपके साथ भी ऐसा ही किया है। आप केवल वही ट्रैक करते हैं जिसे आप मूल्यवान समझते हैं। क्या आप जानते हैं कि हर बार जब आप उसके बारे में सोचते या बात करते हैं, वह किताबों में लिखता है? वह अपने बारे में आपकी राय को कितना महत्व देता है।
सुनो, आज अपने आप को याद दिलाते रहो कि तुम कितने मूल्यवान हो।

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर मुझ पर गुस्सा नहीं है लेकिन वह मेरा दीवाना है, धन्यवाद, यीशु! महिमा हो!

आगे की पढ़ाई के लिए
मलाकी 3:16



क्या कोई चीज़ हमें उस प्रेम से अलग कर सकती है जो मसीह हमारे लिए रखता है? मुसीबतें या समस्याएं या कष्ट हो सकते हैं? यदि हमारे पास भोजन या वस्त्र नहीं है, यदि हम खतरे में हैं, या यदि मृत्यु भी आ जाती है-क्या इनमें से कोई भी चीज़ हमें मसीह के प्रेम से अलग कर सकती है? रोमियों 8:35 (आईसीबी)

बच्चों, आपके लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि परमेश्वर ने आपसे कल या उस दिन से प्रेम करना शुरू नहीं किया था जिस दिन आपका नया जन्म हुआ था। इससे पहले कि आपके माता-पिता आपको जानते या प्यार करते, परमेश्वर ने आपके बारे में पहले ही अपना मन बना लिया था। आपके एक शब्द कहने से पहले या कुछ भी अच्छा या बुरा करने से पहले या आप उसका नाम जानने से पहले ही परमेश्वर आपसे प्यार करता था।

यह सिर्फ यह दिखाता है कि यदि आपके जन्म से पहले परमेश्वर आपसे प्रेम करता था, तो अब उसे आपसे प्रेम करने से कोई नहीं रोक सकता। स्कूल में कोई भी परीक्षा का परिणाम खराब नहीं होगा । कोई भी बुरा खेल दिवस नहीं और यहां तक कि आपके माता-पिता या बुजुर्गों के आप पर चिल्लाने से भी वो परमेश्वर को आपसे प्यार करने से नहीं रोक सकते। यहां तक कि अगर दोस्त भी आपको छोड़ देते हैं, तो जान लें कि कोई है जो आपको प्यार करना बंद नहीं करेगा, चाहे आप कुछ भी कर लें। यीशु मसीह में आपका एक दिव्य उद्देश्य है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरे जीवन में चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे यकीन है कि परमेश्वर मुझसे प्यार करता है और इसके बारे में कोई कुछ नहीं कर सकता है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 8:35-39



और दूर से ही यहोवा अपनी प्रजा को दिखाई दिया। उन्होंने कहा, मैं तुम लोगों से ऐसे प्यार से प्यार करता हूं जो हमेशा के लिए रहेगा। मैं प्रेम और दया के कारण तुम्हारा मित्र बन गया। यिर्मयाह 31:3 (आईसीबी)

क्या परमेश्वर अद्भुत नहीं है? अगर वह आयत खुशखबरी नहीं है, तो मुझे पता नहीं फिर क्या है! एक प्यार जो हमेशा के लिए रहेगा। क्या आप जानते हैं कि ऐसा प्यार है जो नाकामयाब हो सकता है? लोग कह सकते हैं कि वे मैकडॉनल्ड्स से तब तक प्यार करते हैं जब तक वे नैनडोस का स्वाद नहीं चख लेते।

बहुत से लोग प्रेम शब्द का इस्तेमाल किसी भी चीज़ के लिए करते हैं, और वह अर्थहीन बन जाता है। हालांकि, परमेश्वर ने आपको दुनिया की तरह प्यार नहीं किया है। उनका प्रेम नाकामयाब होने वाला नहीं है। इसका मतलब यह है कि आप चाहे किसी भी मूड में हों, चाहे आप कुछ भी करें या कहें, उसका प्यार आपके लिए एक इंच भी नीचे नहीं होता है। यह वैसा ही रहता है और आपके लिए जलता रहता है। शैतान मुसीबत में है। इस दुनिया में कुछ भी आपके बारे में परमेश्वर के दिमाग को नहीं बदल सकता है। महिमा हो!

## भविष्यवाणी घोषणा

उसका प्रेम मुझे कभी असफल नहीं करेगा। वो मुझसे कभी भी ऊब नहीं सकता। यीशु की महिमा हो! आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
भजन 36:5

# My goodnews notes



मैं अब जीवित नहीं हूं-यह मसीह मुझ में जीवित रहता है। मैं अभी भी अपने शरीर में जीवित हूं, लेकिन मैं परमेश्वर के पुत्र में विश्वास से जीवित हूं। उसने मुझसे प्यार किया और मुझे बचाने के लिए खुद को दे दिया। गलातियों 2:20 (आईसीबी)

ऊपर दिया गया वचन आपसे केवल यह कह रहा है कि आप परमेश्वर को आपके माध्यम से जीने दें। बच्चों, जब मसीह आप में रहता है, तो वह आप नहीं है जो जिंदा रहते हैं, परन्तु मसीह है।

दूसरे शब्दों में, आपकी आत्मा ने मसीह के जीवन को स्वीकार किया है, इसका मतलब है कि आपका पुराना रूप मर चुका हैं। जिस पल आपने मसीह को स्वीकार किया, आप उसके साथ एक हो गए। आपने मसीह के जीवन के लिए अपने जीवन को अदल-बदल किया, आप सचमुच एक नया सुपरमैन हैं।

परमेश्वर ने आपके लिए सब कुछ संभव बना दिया है जैसे ही आपने उसे अपने अंदर रहने की इजाज़त  दी है। इसलिए जाओ और बीमारों को चंगा करो, हर स्थिति से बात करो क्योंकि तुम कभी पराजित नहीं हो सकते। आप मसीह के द्वारा सब कुछ कर सकते हैं जो आपको सामर्थ देता है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं मसीह में एक नया सुपरमैन हूं और मैं तेजस्वी रूप से चमकता हूं, मुझमें मसीह महिमा की आशा है। हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 कुरिंथियों 2:16



लेकिन तुम चुने हुए लोग हो। तुम राजा के याजक हो। आप एक पवित्र राष्ट्र हैं। आप एक ऐसे राष्ट्र हैं जो अकेले परमेश्वर के हैं ... 1 पतरस 2:9 (आईसीबी)

बच्चों, क्या आप जानते हैं कि आप कौन हैं? क्या आपको कभी संदेह हुआ है कि आप कौन हैं? आज का गुडन्यूज डेली कहता है कि परमेश्वर ने आपको राजा का याजक बनने के लिए चुना है। इसका मतलब है कि आप क्राइस्ट की तरह सोचते हैं, आप क्राइस्ट की तरह चलते हैं, आप क्राइस्ट की तरह बातें करते हैं।

जब डॉक्टर आपको बताते हैं कि आप बीमार हैं, तो उन्हें बताएं कि मैं बीमार नहीं हो सकता, मैं परमेश्वर की संतान हूं क्योंकि बाइबल कहती है कि जिसके पास पुत्र है, उसके पास जीवन है, इसलिए मैं जीवन धारण कर रहा हूं इसलिए, मैं बीमार नहीं हो सकता। परमेश्वर का वचन असली है, आपमें शैतान को खदेड़ने की क्षमता है और वह आपसे दूर भाग जाएगा। हर चीज़ में एक नई भाषा (अन्य भाषा) बोलें और आप सफल होंगे।

## भविष्यवाणी घोषणा

आज मैं हर उस चीज़ पर अधिकार करना चुनता हूँ जो मेरी है। मैं जानता हूं कि मैं मसीह में कौन हूं। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
प्रकाशितवाक्य 1:6



यहोवा कहता है, जो कुछ पहिले हुआ उसे भूल जाओ। अतीत के बारे में मत सोचो। यशायाह 43:18 (आईसीबी)

हे बच्चों, क्या आप द गुडन्यूज़ डेली का आनंद ले रहे हैं? इस सप्ताह का गुडन्यूज़ डेली मसीह में नए सुपरमैन के बारे में है। आज हमारे पास एक वस्तु पाठ है, अब यह गड़बड़ होने वाला है।

आपके वस्तु पाठ के लिए आवश्यक चीजें।
साफ कटोरी, आटा, अपनी पसंद का खाने का रंग, चम्मच, पानी का जग, साबुन

एक बाउल में मैदा डालें और सभी सामग्री को मिला लें।
आटे को बाहर निकालिये, और अपनी पसंद की लोई या कोई भी आकार बना लीजिये. क्या आप देख सकते हैं कि यह कितना सुंदर है?

इसी तरह परमेश्वर ने आपको बनाया है। वह आपको धोता है, वह आपके जीवन और आपकी मानसिकता को बदलता है, वह आपको ढालता है, वह आपको ठीक वैसा ही आकार देता है जैसा वह चाहता है। जब परमेश्वर ने आपको बनाया, तो उसने आपको इतने विस्तार और देखभाल के साथ डिजाइन किया, उसने आपको अनोखा बनाया। इसलिए हर किसी की तरह बनने की कोशिश मत कीजिए, आप अलग दिखने के लिए पैदा हुए हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं एक नया प्राणी हूं और मेरा दिमाग नया हो गया है, मैं हमेशा के लिए बदल गया हूं हाल्लेलुयाह। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 3:13



लेकिन जब आप परमेश्वर से मांगते हैं, तो आपको विश्वास करना चाहिए। परमेश्वर पर शक मत करो। जो कोई संदेह करता है वह समुद्र में लहर की तरह है। हवा लहर को ऊपर और नीचे ले जाती है। याकूब 1:6 (आईसीबी)

परमेश्वर चाहता है कि हम उस पर भरोसा करें। उपरोक्त वचन हमें बताता है कि अगर हम उस पर भरोसा नहीं करते हैं तो हम समुद्र में लहरों की तरह हैं, लहरें ऊपर और नीचे हैं। बाईबल के अनुसार विश्वास का अर्थ है उन चीजों के बारे में सुनिश्चित होना जिनकी हम आशा करते हैं, विश्वास का अर्थ है यह जानना कि कोई चीज़ असली है भले ही हम उसे देख न रहे हों।

आप विश्वास कैसे प्राप्त करते हैं? यह सरल है, विश्वास परमेश्वर के वचन को सुनने से आता है, उसके बाद हम प्रतिदिन वचन को पढ़कर और जो वह कहता है उसे करते हुए अभ्यास करते हैं। तो वचन कहता है, मैं सिर हूँ, पूँछ नहीं। आपको इसे बार-बार कहना चाहिए जब तक कि यह आपकी आत्मा में न बैठ जाए। आज ही से शुरू करें और अपने विश्वास का इस्तेमाल करें और स्वर्ग पृथ्वी पर का अनुभव करें!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं वचन का फल हूँ, मुझे आत्मिक आशीषों से आशीषित किया गया है, मैं देखने से नहीं विश्वास से चलता हूँ। प्रभु यीशु मसीह के नाम से।

आगे की पढ़ाई के लिए
याकूब 1:3



फिर उसने थोमा से कहा, "अपनी उंगली यहाँ रख। मेरे हाथों को देख। अपना हाथ यहाँ मेरी तरफ रख। संदेह करना बंद कर और विश्वास कर।" यूहन्ना 20:27 (आईसीबी)

यह एक अफवाह के रूप में शुरू हुआ, "यीशु पुनर्जीवित हो गया है।" यीशु के चेलों और अनुयायियों ने थोमा से कहा, "हमने प्रभु को देखा है।" परन्तु थोमा ने कहा, "मैं तब तक विश्वास नहीं करूंगा, जब तक मैं उसके हाथों में कीलों के निशान न देख लूं, और तब तक विश्वास न करूंगा, जब तक कि कीलों की जगह अपनी उंगली डालकर उसके पंजर में अपना हाथ न डालूं।"

एक हफ्ते के बाद, यीशु ने उसे दर्शन दिया और उससे कहा कि वह अपनी उंगलियाँ उसके हाथों पर रखे और संदेह करना बंद करे। थोमा उन लोगों की तरह था जो किसी बात पर तभी विश्वास करता था जब वो उसे अपनी आँखों से देख लेता। जब तक उसने यीशु को नहीं देखा तब तक वह किसी और की बात नहीं मानना चाहता था। विश्वास संदेह नहीं करता, यदि आपके पास संदेह है तो आपको प्रभु से कुछ भी नहीं मिलेगा। प्रभु पर भरोसा रखें और उनके वचन पर विश्वास करें। थोमा जैसे हमेशा शक न करें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर पर संदेह करने से इंकार करता हूं, मुझे उनके वचन पर भरोसा है और मुझे विश्वास है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
मती 21:21



अब्राम ने यहोवा पर विश्वास किया। और यहोवा ने अब्राम के विश्वास को ग्रहण किया, और उस विश्वास ने उसे परमेश्वर के साम्हने धर्मी ठहराया। उत्पत्ति 15:6 (आईसीबी)

क्या आप जानते हैं कि अब्राहम 100 वर्ष का था जब उसका पहला बच्चा हुआ था? उनके बारे में जो खास था वह उनका विश्वास था। परमेश्वर ने अब्राम से उसके बुढ़ापे में बहुत सी सन्तानों समेत बहुत सी बातों का वादा किया और उसने विश्वास किया। बच्चे आप अब्राहम से बहुत कुछ सीख सकते हैं। यह आयत हमें बताती है कि परमेश्वर ने अब्राहम से कई प्रतिज्ञाएँ कीं और उसे सभी राष्ट्रों का पिता होने के लिए चुना।

अब्राहम की कहानी हमें सिखाती है, परमेश्वर आपको किसी भी उम्र में इस्तेमाल कर सकता है यदि आप विश्वास करने और उस पर विश्वास करने के इच्छुक हैं। अब्राहम के जीवन के लिए परमेश्वर के पास एक बहुत खास योजना थी। अब्राहम जानता था कि वह परमेश्वर से क्या चाहता है और उसने उस पर भरोसा करने का फैसला किया। हम में से हर एक के जीवन के लिए परमेश्वर के पास भी एक खास योजना है, बस आपको उस पर विश्वास करना है कि परमेश्वर आपको कभी निराश नहीं करेगा।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं मसीह के प्रकाश का प्रतिनिधित्व करता हूं, मैं जहां भी जाता हूं वहां चमकता हूं, मसीह के साथ मैं बहुतायत हूं। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 1:20



अपने विश्वास के द्वारा उन्होंने राज्यों को पराजित किया। उन्होंने वही किया जो सही था और परमेश्वर ने जो वादा किया था उसे प्राप्त किया। उन्होंने सिंहों का मुंह बन्द कर दिया। इब्रानियों 11:33 (आईसीबी)

जवान दाऊद की कहानी किसे याद है? दाऊद ने उस पलिश्ती से कहा, तू तलवार, तीर और भाला लिए हुए मेरे पास आता है, परन्तु मैं तेरे पास यहोवा के नाम से आता हूं। यहोवा तुझे मेरे हाथ में कर देगा, और मैं तुझे हराऊंगा, और उस ने ऐसा ही किया। दाऊद ने अपने जीवन के ऊपर परमेश्वर पर भरोसा करने का निर्णय लिया और डर के ऊपर विश्वास करना चुना।

विश्वास के द्वारा, दाऊद ने गोलियत को हरा दिया। दाऊद अपने भाइयों की तुलना में एक छोटा सा लड़का था, उनमें से कोई भी उस पर विश्वास नहीं करता था, लेकिन वह परमेश्वर पर भरोसा करता था। बच्चों, आप सब कुछ के साथ परमेश्वर पर भरोसा कर सकते हैं, वह आपकी रक्षा करेगा, और याद रखें कि आपको डर की भावना नहीं दी गई है, लेकिन विश्वास के द्वारा, आप कई काम कर सकते हैं जो प्रभु को महिमा देंगे।

## भविष्यवाणी घोषणा

आज से मैं डर के ऊपर विश्वास को चुनता हूं, विश्वास के द्वारा मैं सब कुछ मसीह के द्वारा कर सकता हूं, क्योंकि वह मुझे सामर्थ्य देता है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
मती 8:26



मसीह में हम स्वतंत्रता और बिना डर के परमेश्वर के सामने आ सकते हैं। हम यह मसीह में विश्वास के साथ कर सकते हैं। इफिसियों 3:12 (आईसीबी)

बाइबल में, राजा नबूकदनेस्सर और तीन बहादुर इब्रानी लड़कों शद्रक, मेशक और अबेदनगो के बारे में एक कहानी है। राजा ने सोने की एक विशाल ऊँची मूर्ति बनवाने का फैसला किया; उन्होंने कहा, “जब आप संगीत सुनते हैं, तो आपको मूर्ति को दंडवत करना चाहिए। यदि तुम मना करोगे, तो तुम आग में झोंक दिए जाओगे।”

तीन इब्रानी लड़कों ने कहा, “हम परमेश्वर के अलावा किसी और को दंडवत नहीं कर सकते”। उन्हें राजा के पास लाया गया, और कहा, “आप हमें आग में फेंक सकते हैं, जिस परमेश्वर की हम महिमा करते हैं वह हमें बचाएगा” राजा को गुस्सा आया और उन्हें आग में फेंक दिया। परमेश्वर ने उनकी रक्षा की और उन्हें बचाया और यहां तक कि उनके साथ आग में खड़े भी हुए लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने परमेश्वर पर विश्वास और भरोसा रखा। ऐसा कुछ भी नहीं है जो परमेश्वर आपके लिए नहीं कर सकता है, उसके लिए खड़े होने के लिए दिलेर और साहसी बनें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मुझे परमेश्वर पर विश्वास है, वह मेरा गुप्त स्थान है, विश्वास से मैं किसी भी बुराई से नहीं डरूंगा। हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
व्यवस्थाविवरण 31:6



यीशु ने उत्तर दिया, मार्ग मैं हूं, और सत्य और जीवन मैं हूं। पिता के पास जाने का एकमात्र रास्ता मेरे माध्यम से है। यूहन्ना 14:6 (आईसीबी)

यीशु मसीह में विश्वास इतना महत्वपूर्ण क्यों है? बच्चों इसका उत्तर इतना आसान है, यीशु की ऊपर की आयत को देखें, स्वर्ग का एकमात्र रास्ता केवल वही है। बाइबल ने हमें स्वर्ग के छोटे या लम्बे रास्ते के बारे में नहीं बताया। केवल एकमात्र रास्ता है यीशु में विश्वास करना, हम विश्वास कैसे प्राप्त करेंगे? परमेश्वर के वचन को सुनकर और बाइबल में उनकी आज्ञाओं का पालन करके। परमेश्वर ने आपके जीवन में क्या किया इसके बारे में आप अपनी गवाहियों को दूसरों के साथ बांट सकते हैं।

उनकी शिक्षाएं स्वर्गीय पिता से आती हैं और हमें उनके पास वापस ले जाएंगी। बच्चों, विश्वास के बिना आप परमेश्वर को खुश नहीं कर सकते। प्रार्थना और परमेश्वर का वचन पढ़ने से आपको विश्वास में बढ़ने में मदद मिलेगी ▯ याद रखें कि आपके पास क्षमता है, आज ही उसकी इच्छा पूरी करने का फैसला लें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं हर चीज़ पर विश्वास को चुनता हूं। विश्वास मेरे जीवन की नींव है, चाहे कुछ भी हो, मेरा विश्वास अटल है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
इब्रानियों 11:1



विश्वास के साथ भी ऐसा ही है। यदि विश्वास कुछ नहीं करता, तो वह विश्वास मर चुका है, क्योंकि वह अकेला है। याकूब 2:17 (आईसीबी)

इस स्तर पर, हमें संदेह नहीं है कि विश्वास काम करता है, परन्तु बिना काम के विश्वास मरा हुआ है। मुझे इसे सरल करने दें। यीशु ने उस अंधे व्यक्ति से कहा, जाओ और शीलोह के कुंड में धो लो। अत: वह व्यक्ति तालाब पर गया। वह धोकर वापस आया और अपने विश्वास के कारण वह देख सका।

जब आप बाइबल के सभी वचनों को पढ़ चुके हैं और सभी पुस्तकों को पढ़ चुके हैं, तब भी यह काफ़ी नहीं है, काम के बिना विश्वास मर चुका है। जाओ और संसार को दिखाओ कि काम में अपना विश्वास दिखा कर वचन के करनेवाले कैसे बनें। आप हैरान हो जाएंगे कि आपकी गवाहियों के कारण कितने लोग मसीह के पास आएंगे।

## भविष्यवाणी घोषणा

विश्वास से मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। मेरे कामों के माध्यम से, मैं और अधिक प्राणों को मसीह में लाऊंगा क्योंकि मैं एक प्राणों को जीतने वाला बनने के लिए पैदा हुआ था। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
याकूब 2:18



तब परमेश्वर ने कहा, उजियाला हो जाए! और प्रकाश हो गया था। उत्पत्ति 1:3 (आईसीबी)

अगर मैं आपसे कहूं कि परमेश्वर का वचन इस दुनिया की किसी भी चीज़ से अधिक शक्तिशाली है, तो क्या आप इस पर विश्वास करेंगे? मुझे पता है कि आप में से कुछ सोचते हैं कि ट्रेन, शेर या नाव जैसी अधिक शक्तिशाली चीजें हैं। ऊपर दिया गया वचन हमें बताता है कि परमेश्वर ने केवल अपने वचन का इस्तेमाल करके वह सब कुछ बनाया जो हम देखते हैं। परमेश्वर का वचन हमें परमेश्वर के उद्देश्य को समझने में मदद कर सकता है, भले ही हम यह न समझें कि वह इस समय क्या कर रहा है या गति धीमी लग रही हो।

भजन संहिता 82:6 की पुस्तक में लिखा है, 'तुम परमेश्वर हो। आप सभी सर्वोच्च परमेश्वर के पुत्र हैं,' इसका मतलब है कि आप भी उनके वचन का इस्तेमाल कर सकते हैं और जो चाहें बना सकते हैं। वचन की शक्ति का इस्तेमाल करके बनाना शुरू करें। आपके पास ऐसा करने की क्षमता है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं नहीं डरूंगा क्योंकि परमेश्वर ने मुझे कुछ भी बनाने की क्षमता दी है। मैं एक चुना हुआ वंश और एक राजकीय याजकों का समाज, पवित्र और खास हूँ।

आगे की पढ़ाई के लिए
भजन 82:6



निःसन्देह, हमारे आराधना के जीवन का रहस्य महान है: वह हमें एक मानव शरीर में दिखाया गया था, आत्मा द्वारा सही साबित हुआ, और स्वर्गदूतों द्वारा देखा गया। उसका राष्ट्रों में प्रचार किया गया, दुनिया ने उस पर विश्वास किया, और उसे स्वर्ग में महिमा में उठा लिया गया।
1 तीमुथियुस 3:16 (आईसीबी)

हम वचन की शक्ति का इस्तेमाल कब करते हैं? हम वचन की शक्ति का कभी भी, कहीं भी इस्तेमाल कर सकते हैं लेकिन हमें इसका इस्तेमाल चतुराई से करना होगा। उदाहरण के लिए, आप केवल आपको खुश करने के लिए अधिक खिलौनों या चीजों के लिए प्रार्थना करने के लिए हमेशा परमेश्वर के वचन का इस्तेमाल नहीं कर सकते।

आपको अस्पताल में बच्चों के लिए प्रार्थना करने, अपनी परीक्षा पास करने और अपने अगुवों के लिए प्रार्थना करने के लिए भी वचन का इस्तेमाल करना चाहिए। वचन में हमें अंदर से बाहर की ओर बदलने की शक्ति है। स्वर्ग पृथ्वी पर के इस साल में, मैं वचन को पढ़ने और उसका मनन करने के लिए समय निकालूंगा।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं एक नई सृष्टि हूं, मैं अच्छी चीजें बनाने के लिए वचन की शक्ति का इस्तेमाल करता हूं प्रभु यीशु मसीह के नाम से।

आगे की पढ़ाई के लिए
इब्रानियों 4:12


GoodNews DAILY



तुम उन भेड़ों के समान थे जो गलत रास्ते पर चली गईं। परन्तु अब आप अपने चरवाहे और अपने प्राणों के रखवाले के पास वापस आ गए हो। 1 पतरस 2:25 (आईसीबी)

आप कह सकते हैं, जब मैं केवल बालक हूं तो मैं लोगों को कैसे दिशा दिखा सकता हूं? जिस पल आपको लगता है कि आप इसे अपने दम पर कर सकते हैं, आप पहले ही से इसे गलत कर रहे हैं। आप अपने आस-पास के लोगों को बाइबल की आयतें दिखाकर दिशा दिखा सकते हैं जो उन्हें उनके जीवन में परमेश्वर के महत्व को समझने में मदद कर सकती हैं।

बाईबल इसे इस तरह से बताती है, तुम जवान हो लेकिन किसी को भी अपने साथ ऐसा व्यवहार मत करने दो जैसे कि तुम महत्वपूर्ण नहीं हो। अन्यजातियों को दिखाने के लिए एक उदाहरण बनें कि उन्हें कैसे जीना चाहिए। अपने बोलने वाले वचनों से, अपने जीने के ढंग से, अपने प्रेम से, और अपने विश्वास से उन्हें दिखा दें। परमेश्वर के वचन का इस्तेमाल करके बहुत से लोगों का जीवन बदल गया है।

## भविष्यवाणी घोषणा

परमेश्वर मेरा सहायक है और वह हमेशा मेरे जीवन में मौजूद है। उसने मुझे अपनी महिमा में दूसरों को दिशा दिखाने की क्षमता दी है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 16:13



यीशु ने उत्तर दिया, पवित्र शास्त्र में लिखा है, कि मनुष्य केवल रोटी खाकर जीवित नहीं रहता, परन्तु जो कुछ यहोवा कहता है उसी से मनुष्य जीवित रहता है। मती 4:4 (आईसीबी)

बच्चों, आप दिन में कितनी बार खाना खाते हैं? आप अपनी आत्मा को कितनी बार खिलाते हैं? उनके लिए जो नहीं जानते, आप प्रतिदिन बाइबल पढ़कर, (अन्य भाषाओं में) प्रार्थना करके और परमेश्वर की आराधना करके अपनी आत्मा को खिलाते हैं। अधिक तर लोग दिन में तीन बार या ज़्यादा खाते हैं, और अपनी आत्मा को दिन में केवल एक बार या रविवार को खिलाते हैं।

कुछ कहेंगे, मुझे अपनी आत्मा को खिलाने की ज़रूरत है, लेकिन कभी-कभी मैं बहुत व्यस्त हो जाता हूँ। यदि आप अपनी आत्मा को परमेश्वर के वचन से नहीं खिला रहे हैं, तो आप इसे कुछ और खिला रहे हैं। परमेश्वर ने हम सभी को उसके आज्ञाओं और उसके वचन का पालन करने के लिए बनाया है। तो आज से ही शुरु करें और अपने आत्मिक व्यक्ति को खिलाना शुरू करें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर को अनुमति देता हूँ कि मैं जो कुछ भी करता हूँ उसमें मेरा मार्गदर्शन करें। मैं हमेशा आज्ञा अनुसार परमेश्वर के वचनों का पालन करूँगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 6:35



लापरवाही के शब्द तलवार की तरह चुभते हैं। लेकिन बुद्धिमान के शब्द चंगाई लाते हैं।
नीतिवचन 12:18 (आईसीबी)

आज की आयत हमें बताती है कि हमारे शब्दों में कुछ अच्छा या बुरा बनाने की शक्ति है। यह महत्वपूर्ण है कि हम कुछ भी कहने से पहले हमेशा सोचें, ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करें जो दूसरों के लिए जीवन लाएँ। बाइबल कहती है कि यदि तुम अपने मुंह से अंगीकार करते हो कि यीशु प्रभु है और अपने दिल में विश्वास करते हो कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो तुम उद्धार पाओगे।

आपके शब्द ही हैं जो आपको नए सिरे से जन्म लेने और यीशु को स्थायी रूप से आपके अंदर रहने की अनुमति देते हैं। आपके द्वारा बोले गए शब्दों में इतनी शक्ति है; आप बस कुछ भी ऐसे ही नहीं कह सकते। आपको अपने शब्दों की ताकत को पहचानना चाहिए और उनका बुद्धिमानी से इस्तेमाल करना चाहिए। हर दिन हमारे पास एक चुनाव होता है। हम या तो ऐसे शब्द बोल सकते हैं जो किसी को उठा सकते हैं या ऐसे शब्द बोल सकते हैं जो उन्हें नीचे गिरा सकते हैं। हमेशा जीवन बोलो!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं अपने शब्दों का इस्तेमाल केवल अच्छी चीज़ें बनाने के लिए करता हूं, मैं परमेश्वर की संतान हूं और मैं बुरे शब्दों का इस्तेमाल करने से इनकार करता हूं, प्रभु यीशु के नाम से। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
नीतिवचन 12:14



जो व्यक्ति उसकी कही बात को मान लेता है उसने सिद्ध कर दिया है कि ईश्वर सत्य है। यहुन्ना 3:33 (आईसीबी)

क्या आप बता सकते हैं कि कुछ सच है या नहीं? ऊपर का वचन हमें बताता है कि यदि हम उसकी बात को स्वीकार करते हैं, तो हमने सिद्ध कर दिया है कि परमेश्वर सत्य है। परमेश्वर का वचन सत्य है और जो कुछ भी इसके खिलाफ जाता है वह झूठ है। परमेश्वर के बारे में कुछ भी झूठा नहीं है, उत्पत्ति की पुस्तक से लेकर प्रकाशितवाक्य तक वह अपने वचन पर टिका हुआ है, वह ऐसा मनुष्य नहीं है जिसे झूठ बोलना पड़े और वह एक धर्मी और निष्पक्ष परमेश्वर है।

शुरुआत में वचन पढ़ना शुरू करते समय, यह कठिन लग सकता है या आपको ऐसा लग सकता है कि आप इसे नहीं समझते हैं, लेकिन जितना अधिक आप अपनी बाइबल पढ़ते हैं, आप परमेश्वर को और अधिक जानने लगेंगे।सत्य के ज्ञान के बिना कोई शक्ति नहीं है और परमेश्वर के वचन की पढ़ाई के बिना कोई ज्ञान नहीं है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं सही दिशा में हूं, क्राइस्ट और मैं एक टीम हैं। मैं सत्य के वचन का इस्तेमाल करके कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हूं। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 17:17



मैं जो शब्द कहता हूं वही काम करते हैं। वे मेरे पास खाली हाथ नहीं लौटेंगे। वे ऐसी चीज़ें करते हैं जो मैं करना चाहता हूँ। जिस काम के लिए मैं उन्हें भेजता हूँ, वे उसमें सफल होते हैं। यशायाह 55:11 (आईसीबी)

क्या आप उनमें से हैं जो हमेशा शिकायत करते हैं? क्या आप हमेशा कहते हैं कि मैंने सब कुछ करने की कोशिश की है और कुछ भी काम नहीं आया? आज की कहानी लुसी नाम की एक लड़की की है। उसे स्कूल से प्यार था लेकिन वह गणित में अच्छी नहीं थी। एक दिन उसकी सहेली ने उसे चर्च में बुलाया।

लुसी ने अपने दोस्त को बताया कि उसे गणित में परेशानी हो रही थी, उसकी सहेली ने उसके साथ प्रार्थना की और वचन पढ़ा। एक महीने में ही लुसी अपनी कक्षा में टोप कर गई। परमेश्वर की शक्ति आपकी हर ज़रूरत में मदद करती है। हमारे अंदर परमेश्वर के वचन के बिना परमेश्वर के समान बनने के लिए स्वयं को बदलना असंभव है। दूसरों के लिए प्रार्थना करना शुरू करें और वचन की शक्ति का इस्तेमाल करें।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर की संतान हूं, और मैं वही करता हूं जो मेरे पिता करते हैं, मैं चीजों को संभव करता हूं प्रभु यीशु मसीह के सामर्थी नाम से।

आगे की पढ़ाई के लिए
2 तीमुथियुस 3:16

## यीशु का नाम पासवर्ड नहीं है।



इन यहूदियों ने बुरी आत्माओं को बाहर निकालने के लिए प्रभु यीशु के नाम का इस्तेमाल करने की कोशिश की। वे कहते है, जिस यीशु की चर्चा पौलुस करता है, उसी यीशु के द्वारा मैं तुम्हें बाहर आने की आज्ञा देता हूँ! प्रेरितों 19:14 (आईसीबी)

क्या आपने कभी यीशु के नाम का इस्तेमाल करते हुए किसी चीज़ के लिए बहुत बार प्रार्थना की है लेकिन वह कभी नहीं मिला? क्या आपने कभी खुद से पूछा है क्यों? ऊपर दिया गया वचन हमें दिखाता है कि यह केवल यीशु के नाम से कहने के बारे में नहीं है बल्कि यीशु के चरित्र को धारण करने के बारे में भी है।

यीशु के चरित्र को पाने के लिए, आपको यीशु को अपने प्रभु और उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करना होगा और उसके वचन पर विश्वास करना होगा। यह आप का हिस्सा होना चाहिए। यदि आपने प्रार्थना की है और यह काम नहीं कर रहा है, तो इसका मतलब है कि आप इसे पासवर्ड के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए याद रखें, बच्चों, आप यीशु को अंदर लेकर चलते हैं, उसने आपको अपनी शक्ति दी है कि हम उसे हर चीज के लिए इस्तेमाल करें जिसकी हमें ज़रूरत है। यीशु ने जो कुछ भी किया वह हमारे पास करने की क्षमता है!

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं यीशु के चरित्र में प्रार्थना करता हूं और मेरे शब्दों से चीज़ों को बदलते हैं। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 2:10



साथ ही, आत्मा हमारी मदद करता है। हम बहुत निर्बल हैं, परन्तु आत्मा हमारी दुर्बलता में आप हमारी सहायता करता है। हम नहीं जानते कि हमें कैसे प्रार्थना करना चाहिए। परन्तु आत्मा स्वयं हमारे लिए परमेश्वर से बातें करता है, यहाँ तक कि हमारे लिए परमेश्वर से गिड़गिड़ाता भी है। आत्मा गहरी भावनाओं के साथ परमेश्वर से बात करता है जिसे शब्दों में बताया नहीं जा सकता। रोमियों 8:26 (आईसीबी)

बाइबल कहती है कि आपको पवित्र आत्मा के साथ प्रार्थना करनी चाहिए, पवित्र आत्मा आपको एक पूरी प्रार्थना करने में मदद करता है क्योंकि आप अपने प्राकृतिक दिमाग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। वह ठीक-ठीक जानता है कि आपको क्या चाहिए।

क्या आप देख सकते हैं कि आपके लिए जीवन कैसे आसान हो सकता है यदि आप पवित्र आत्मा को अपना मित्र बनने दें। स्वर्ग पृथ्वी पर के इस साल में मैं उसके साथ हर रोज़ बातचीत करना शुरू करूँगा। मैं पवित्र आत्मा की सहायता से अन्य भाषा में प्रार्थना करूंगा। मेरा उसके साथ एक रिश्ता होगा और वह मुझे सही दिशा में ले जाएगा।

## भविष्यवाणी घोषणा

पवित्र आत्मा मेरा प्रार्थना साथी है, वह परमेश्वर से सिद्ध प्रार्थना करने में मेरी सहायता करता है।

आगे की पढ़ाई के लिए
यहुन्ना 14:26



हम निःसंदेह परमेश्वर के पास आ सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि जब हम परमेश्वर से कुछ माँगते हैं (और वे चीज़ें परमेश्वर से हमारे लिए जो चाहता है उससे मेल खाती हैं), तब परमेश्वर हमारी परवाह करता है कि हम क्या कहते हैं। 1 यूहन्ना 5:14 (आईसीबी)

परमेश्वर का हम सबके लिए एक उद्देश्य है; आपका विश्वास उस पर आधारित होना चाहिए जो परमेश्वर का वचन कहता है। जब आप परमेश्वर के वचन के लिए प्रार्थना करते हैं तो आपको अपनी बाइबल में देखना चाहिए कि परमेश्वर आपके जीवन के बारे में क्या कहता है। दूसरे शब्दों में, आप वचनों को अपने आप से बोलते हैं।

इससे कोई फरक नहीं पड़ता कौन क्या कहता है: आपको परमेश्वर के वचन को दोहराते रहना है। मैं परमेश्वर के लिए अनमोल हूं, उसने मुझे दुनिया के सामने रखा है। क्या आपने ये देखा? यहाँ तक कि यदि केवल आप ही होते, यीशु तब भी आपके लिए आते और मरते।

## भविष्यवाणी घोषणा

स्वर्ग पृथ्वी पर के इस साल में, मैं परमेश्वर के वचन के साथ पहले से भी ज़्यादा प्रार्थना करूंगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि उसके वादे मसीह में हां और आमीन है।

आगे की पढ़ाई के लिए
यशायाह 43:4



तब यीशु ने अपने अनुयायियों को यह सिखाने के लिए इस कहानी का उपयोग किया कि उन्हें हमेशा प्रार्थना करनी चाहिए और कभी भी आशा नहीं छोड़नी चाहिए। लूका 18:1 (आईसीबी)

प्रार्थना क्या है? प्रार्थना आपके और परमेश्वर के बीच की बातचीत है। बाइबल हमें यह भी बताती है कि परमेश्वर पहले से ही जानता है कि हम किस लिए प्रार्थना करेंगे और उसने उत्तर दें दिया है, तो हम प्रार्थना क्यों करते हैं, आप पूछ सकते हैं।

ईसाई होने के नाते हमें अपने शब्दों का इस्तेमाल स्थितियों को बदलने के लिए करना होगा, अगर हम इसे नहीं बोलेंगे तो ऐसा नहीं होगा।

आप याजक हैं, आप राजा हैं, आप दूसरों के लिए प्रार्थना करने वाले हैं, और परमेश्वर के राजदूत हैं। एक मध्यस्थ के रूप में, आपको समय निकालना है और केवल अपने लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए प्रार्थना करनी है। जिस पल आप प्रार्थना करते हैं, आपको केवल अच्छी चीज़ों के होने की आशा करनी चाहिए।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं परमेश्वर की संतान हूं और मैं प्रार्थना के माध्यम से परमेश्वर से बातचीत करता हूं। स्वर्ग पृथ्वी पर के इस साल में, प्रार्थना मेरी जीवनशैली बन जाएगी। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
भजन 91:15



सबसे पहले, मैं आपको सभी लोगों के लिए प्रार्थना करने के लिए कहता हूं। लोगों की ज़रूरतों की वस्तुएँ परमेश्वर से मांगो, और उसके प्रति धन्यवादी रहो। 1 तीमुथियुस 2:1 (आईसीबी)

परमेश्वर की संतान होने के नाते, बाइबल हमें बताती है कि हम रोकने वाले हैं। इसका मतलब है कि हम लोग चीज़ों को असलियत में खराब होने से रोकते हैं। हालाँकि, बहुत से ईसाई परमेश्वर के पास केवल अपने लिए कुछ माँगने के लिए आएंगे, लेकिन आपको यह महसूस करने की ज़रूरत है कि जब आप परमेश्वर के साथ अपने रिश्ते के कारण अन्य लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं, तब भी वह आपकी ज़रूरतों का ध्यान रखेगा।

वह देखेगा कि क्या चीजें आपके जीवन से गायब हैं और आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर देगा! वह जानता है कि हमें क्या चाहिए और बाइबल कहती है कि उसने हमें सब कुछ दिया है। राष्ट्रों और दुनिया भर के लोगों के लिए प्रार्थना करके शुरुआत करें। आपके पास चीजों को होने से पहले रोकने की शक्ति है।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं अपने परिवार और दोस्तों के जीवन में जीवन बोलता हूं, परमेश्वर उनकी जरूरतों को पूरा करेगा। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 राजा 3:12-13



एक दिन पतरस और यूहन्ना मन्दिर गए। दोपहर के तीन बज रहे थे। यह हर रोज़ प्रार्थना सेवा का समय था। प्रेरितों 3:1 (आईसीबी)

बच्चों, क्या आप एक दिन भी अपने सबसे अच्छे दोस्त, अपने माता-पिता, या अपने किसी करीबी से बात किए बिना रह सकते हैं? यदि उत्तर नहीं है, तो कभी-कभी ऐसा क्यों होता है कि हम एक दिन परमेश्वर से बात किए बिना रह जाते हैं? प्रार्थना कोई ऐसी चीज़ नहीं है जो आप तब करते हैं जब आपको परमेश्वर से कुछ चाहिए होता है, प्रार्थना एक जीवन शैली है, यह कुछ ऐसा है जो आप हर रोज़ करते हैं, यह है कि आप परमेश्वर के साथ कैसा रिश्ता रखते हैं।

परमेश्वर को तब अच्छा लगता है जब हम उसके साथ हर रोज़ संगति में होते हैं, भले ही वह हमारे बारे में सब कुछ जानता हो। प्रार्थना को कभी भी बाद में करने की सोच या ऐसा कुछ न बनने दें, क्योंकि आप कुछ चाहते हैं, इसे आज से ही अपनी जीवन शैली बना लें!

## भविष्यवाणी घोषणा

मेरे पास एक लगातार प्रार्थना का जीवन है, और जब मैं प्रार्थना करता हूँ तो परमेश्वर मेरी सुनता है। आमीन!

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 6:18



प्रार्थना करना कभी बंद न करें। 1 थिस्सलुनीकियों 5:17 (आईसीबी)

परमेश्वर के एक बच्चे के रूप में, जब चीजें उस तरह से नहीं हो रही जैसा उन्हें होना चाहिए, तभी हमें बोलना चाहिए। अगर हम नहीं बदले तो कुछ नहीं बदलता। जब आप प्रार्थना करते हैं और चीजों की घोषणा करते हैं, तभी चीजें बदलती हैं। आज बाइबल वचन कहता है कि बिना रुके प्रार्थना करें; इसलिए, हमें हमेशा प्रार्थना करनी चाहिए।

आपके पास अपने स्कूल के तरीके, अपने शहर के तरीके, अपने देश के तरीके को बदलने की शक्ति है। जब आप प्रार्थना करना बंद कर देते हैं तभी चीजें खराब होने लगती हैं। प्रार्थना की सुंदरता यह है कि क्योंकि यह एक बातचीत है, इसका मतलब है कि परमेश्वर भी आपसे बात कर रहे हैं। प्रार्थना के पलों में, परमेश्वर आपको आपकी किसी भी समस्या का उत्तर देना शुरू कर देता है। इसलिए कुछ कहने में जल्दबाजी न करें, आमीन। सुनिए परमेश्वर क्या कह रहे हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

जब मैं चीजों के बदलने के लिए प्रार्थना करता हूं, तो मेरा प्रार्थना का जीवन बढ़ जाता है। मैं अपने प्रार्थना जीवन में गहराई तक जा रहा हूँ।

आगे की पढ़ाई के लिए
लूका 18:1



परन्तु आत्मा का फल प्रेम, आनन्द, मेल, धीरज, कृपा, भलाई, विश्वास। गलातियों 5:22 (आईसीबी)

बाइबल हमें बताती है कि आत्मा का फल प्रेम है, जिसका अर्थ है कि जब हम मसीह और पवित्र आत्मा को पाते हैं तो हमें आत्मा का ये फल हमारे अंदर मिल चुका हैं जो कि प्रेम है। जब आप एक संतरे को देखते हैं, तो यह एक ही फल होता है, लेकिन आप इसे तोड़कर अलग-अलग टुकड़े कर सकते हैं।

अब आत्मा का फल प्रेम है लेकिन इसमें अलग-अलग चीज़ें हैं और इनमें से एक चीज़ खुशी है। पवित्र आत्मा के कारण हमारे अंदर आनन्द है। इसलिए परमेश्वर की संतान के रूप में आपको कभी भी ऐसा नहीं होना चाहिए जो हमेशा उदास और क्रोधित हो क्योंकि आनंद पहले से ही आपके अंदर है। इसलिए, आप जहां भी जाते हैं, आप अपने साथ आने वाले आनंद के कारण माहौल को बदल सकते हैं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं जहां कहीं भी जाता हूं वहां आनंदित होता हूं क्योंकि पवित्र आत्मा मेरे अंदर है प्रभु यीशु मसीह के सामर्थी नाम से!

आगे की पढ़ाई के लिए
रोमियों 15:13



प्रभु में सदा आनंद से भरे रहो। मैं फिर कहूंगा, आनंद से भरे रहो। फिलिप्पियों 4:4 (आईसीबी)

क्या आप कभी आनंद और खुशी की स्पष्ट समझ हासिल करना चाहते हैं? आपको क्या खुश करता है? बाइबल हमें हमेशा आनंदित रहने के लिए कहती है लेकिन कुछ लोग पूछेंगे कि कैसे?

आनंद वह फैसला है जो आप अपने लिए हर रोज़ लेते हैं। आनन्द परम सुख की निःस्वार्थ भावना है, आनन्द यहोवा से आता है। खुशी एक पल का एहसास है और यह कुछ पल की है। जब आपके माता-पिता आपके लिए कुछ नया लेकर आए तो आपको खुशी हो सकती है, लेकिन आप वैसा ही महसूस करते हैं जैसा आप पहले कर रहे थे। जब आपके पास आनंद होता है, तो यह हमेशा के लिए रहता है क्योंकि आप वह फैसला लेते हैं और अस्थाई पलों से विचलित नहीं होता।

जब आप खुश होते हैं, तो यह उस पल के लिए मज़ेदार हो सकता है, लेकिन यह टिकेगा नहीं। स्वर्ग पृथ्वी पर के इस साल में मैं हमेशा आनंद से भरा रहूंगा!

## भविष्यवाणी घोषणा

आज मैंने हर दिन आनंद लेने का फैसला किया है, क्योंकि आनंद प्रभु से आता है। मैं खुश रहने पर ध्यान नहीं दूंगा बल्कि हमेशा आनंदित रहूंगा।

आगे की पढ़ाई के लिए
भजन 71:23



वे बड़ी मुसीबतों से परखे गए। और वे बहुत ही गरीब हैं। परन्तु उन्होंने अपने बड़े आनन्द के कारण बहुत कुछ दिया। 2 कुरिन्थियों 8:2 (आईसीबी)

गुडन्यूज़ डैली में बाइबिल वचन आज मैसेडोनिया में एक चर्च के बारे में बात करता है जो बहुत सारी समस्याओं से गुज़र रहा था। वे कई परीक्षाओं से गुज़र रहे थे और गहरी गरीबी में थे, लेकिन मैं चाहता हूं कि आप इस बात पर ध्यान दें कि इन सब चीज़ों से गुजरने के बावजूद, बाइबल वचन हमें बताता है कि उनके पास अभी भी आनंद था।

आपको लगता होगा कि वे अपनी स्थिति के कारण परमेश्वर से शिकायत करेंगे और रोएंगे, और वे मानवीय समझ में सही लगेंगे, लेकिन क्योंकि वे उस परमेश्वर को समझते हैं जिसकी वे सेवा करते थे, वे आनंद से भरे हुए थे।

आप बच्चों ने देखा, आप हमेशा हर परिस्थिति में आनंदित रह सकते हैं, क्योंकि आनंद लोगों से या आपके आस-पास जो हो रहा है उससे नहीं आता है, बल्कि आनंद परमेश्वर से आता है। इसलिए, अपनी अभी की परिस्थितियों को न देखें बल्कि अपने अंदर के परमेश्वर पर ध्यान लगाएं।

## भविष्यवाणी घोषणा

मुझे सभी परिस्थितियों में आनंद है; मेरे पास जो खुशी है उसे कोई नहीं मिटा सकता!

आगे की पढ़ाई के लिए
भजन 30:5



और चेले आनन्द से और पवित्र आत्मा से भर गए। प्रेरितों 13:52 (आईसीबी)

केवल एक निश्चित स्तर का आनंद है जो केवल पवित्र आत्मा के माध्यम से ही पाया जा सकता है। कई बार, लोग सोचते हैं कि उन्हें दोस्तों, उनके पसंदीदा खेल या संगीत में आनंद खोजने की ज़रूरत है, लेकिन आपको यह समझने की ज़रूरत है कि आप कभी भी उस आनंद के अधिकतम स्तर तक नहीं पहुंच पाएंगे जो आप चाहते हैं। पवित्र आत्मा में आनंद है; बाइबल का वचन आज हमें पवित्र आत्मा से भरे जाने के लिए कहता है।

इसी तरह आपको आनंद मिलता है; यह किसी और के द्वारा नहीं पाया जा सकता है। वचन पर मनन करने, लगातार प्रार्थना करने, और पवित्र आत्मा के साथ संगति करने से आप पवित्र आत्मा से भर जाते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप जिस भी स्थिति का अनुभव करेंगे, वह आनंद से भरा होगा।

## भविष्यवाणी घोषणा

मैं पवित्र आत्मा से भर गया हूं और मेरे अंदर से आनंद बह रहा है। हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
1 थिस्सलुनीकियों 1:6



... यहोवा का आनन्द तुम्हें ताकतवर करेगा। नहेमायाह 8:10 (आईसीबी)

क्या आप स्कूल में थे और आपसे वास्तव में कठिन प्रश्न पूछा गया था, या आपको कुछ ऐसा करने के लिए कहा गया है जो बहुत कठिन है? आपको कैसा लगता है? क्या आप क्रोधित और निराश हो जाते हैं? हालाँकि आप अंदर से ऐसा ही महसूस कर सकते हैं, लेकिन बाइबल हमें बताती है कि प्रभु का आनंद हमारी ताकत है। इसका मतलब है कि कठिन परिस्थितियों को संभालने की ताकत हममें प्रभु के आनंद के कारण पाई जाती है।

यह आनंद की शक्ति है, यह केवल लगातार खुशी की स्थिति में रहने के बारे में नहीं है, बल्कि यह आपको अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चीज़ से गुज़रने की शक्ति देता है। इसलिए हमेशा याद रखो, बच्चों, जब तुम किसी कठिन परिस्थिति से गुज़र रहे हो, तो तुम्हारी शक्ति तुम्हारे आनंद से आती है।

## भविष्यवाणी घोषणा

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मेरे आसपास क्या होता है क्योंकि प्रभु का आनंद मेरी ताकत है और मैं आनंद से भर जाऊंगा और स्वर्ग पृथ्वी पर का अनुभव करूंगा। हाल्लेलुयाह!

आगे की पढ़ाई के लिए
फिलिप्पियों 4:13



यदि कोई मसीह का है, तो वह नया बनाया जाता है। पुरानी बातें चली गईं; सब कुछ नया बना दिया गया है! 2 कुरिन्थियों 5:17 (आईसीबी)

बाइबल हमें बताती है कि जब हमारा नया जन्म हुआ तो हम नए प्राणी बन गए। हमारा पुराना मनुष्य गायब हो गया और अब हम नए हो गए हैं। अब अगर आप अपने आप को आईने में देखेंगे तो आप देखेंगे कि आप पहले जैसे ही दिखते थे, लेकिन जो बदल गया वह असली आप, आपका आत्मिक व्यक्ति है।

आप अंदर से बदल गए हैं, हालांकि आप इसे अपने चेहरे से कुदरती रूप में नहीं देख सकते हैं। आप बिल्कुल नए व्यक्ति हैं। अब जो कुछ बदला है उसका एक हिस्सा आपका स्वभाव भी है। आपका स्वभाव यह है कि आप दूसरों के आसपास कैसा व्यवहार और काम करते हैं। अब आपका नया जन्म हुआ है; आनंद तुम्हारा स्वभाव बन जाता है। परमेश्वर की संतान के रूप में, आपको आनंदित होने से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करना चाहिए; वही तुम हो।

## भविष्यवाणी घोषणा

आनन्द मेरा स्वभाव है। वही मैं मसीह में हूं। मैं जहां भी जाता हूं आनंद फैलाता हूं प्रभु यीशु मसीह के नाम से!

आगे की पढ़ाई के लिए
इफिसियों 5:30


Would you like to share your testimony with us?
We would LOVE to hear from you children!
Write to us here:
kids@goodnewsworld.com



## क्या आपने अभी तक यीशु मसीह को ग्रहण किया है?

### हम आपको यीशु मसीह को अपने जीवन का परमेश्वर बनाने के लिए, इस प्रार्थना के द्वारा आमंत्रित करते।

हे प्रभु परमेश्वर मैं यीशु मसीह के नाम में आपके पास आता हूँ। मैं मेरे पूरे हृदय से यीशु मसीह जीवते परमेश्वर के पुत्र में विश्वास करता हूँ। मैं विश्वास करता हूँ कि वे मेरे लिए मर गया, और परमेश्वर ने उसे जिंदा किया। मैं विश्वास करता हूँ वो आज भी जीवित है। मैं मेरे मुँह से अंगीकार करता हूँ कि यीशु मसीह मेरे जीवन का आज के दिन से प्रभु है। उसमे और उसके नाम में अनंतता का जीवन है। मैं दुबारा जन्मा हूँ, धन्यवाद प्रभु मेरे प्राण को बचाने के लिए। अब, मैं परमेश्वर की संतान हूँ। हाँलेलूँया!

बधाई हो !अब आप परमेश्वर की संतान हो।

---

TO RECEIVE MORE INFORMATION ON HOW YOU CAN GROW AS A CHRISTIAN PLEASE GET IN TOUCH WITH US ON:

UK: +44 3333 448 612
USA +1 240 781 6942
RSA +27 51 004 0209

WWW.UEBERTANGEL.ORG | WWW.GOODNEWSWORLD.COM


TheGoodNewsWorld Helplines
USA: +1 (240) 781-6942
UK: +44 333 344 8612
RSA: +27 (51) 004-0209
www.goodnewsworld.com